तापमान

अधिकतम 33.4 डिग्री

न्यूनतम 27.4 डिग्री


# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 10 जुलाई 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]




मंदिर चौक से इंदू चौक की ओर जाने वाली सड़क पर ऑटो स्टैंड बना लिया गया है। बीच सड़क पर गाड़ियां खड़ी होने की वजह से यहां जाम लगता है।


प्रवेश प्रारंभ

B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज

बेलभाठा, अभनपुर

प्राचार्य - 99261-62830


## सरकारी विभागों में अटक रहा न्याय, 8 सालों में ही 8725 अवमानना के केस, अभी भी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दो हजार 293 याचिकाएं लंबित

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

हाईकोर्ट के कई आदेशों का राज्य शासन या स्थानीय प्रशासन पर पालन नहीं हो रहा है। यही वजह है कि पक्षकारों को हजारों रुपए खर्च कर फिर से अवमानना याचिका दायर करनी पड़ रही है। इसमें एक तरफ जहां समय खराब हो रहा तो आर्थिक के साथ दूसरी परेशानियां भी हो रहीं हैं। पिछले 8 सालों में ही 8725 अवमानना के मामले दायर हो चुके हैं। आकंड़ों पर नजर डालें तो हाई कोर्ट में न्यायलयीन आदेश की अवहेलना के आरोप में दायर की गई याचिका में आईएएस से लेकर आईपीएस व राज्य प्रशासनिक सेवा के



अधिकारियों की लंबी सूची है। इन अधिकारियों को नोटिस भी जारी किया गया है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं द्वारा अवकोर्ट के समक्ष यह आरोप भी लगाया जा रहा है कि अधिकारी कोर्ट के निर्देशों को भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जवाब देना भी उचित नहीं समझ रहे हैं। यही कारण है कि अवमानना याचिका की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। वर्तमान में भी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दो हजार 293 अवमानना याचिका लंबित है।

इस मामले में विधि के जानकारों कहना है कि हाईकोर्ट के आदेशों का पालन किए जाने का कोई निश्चित मापदंड नहीं होने से अधिकारियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। यही वजह है कि अवमानना मामलों में लगातार वृध्दि हो रही है। सोचने वाली बात यह है कि कोई याचिकाकर्ता वह चाहे सरकारी कर्मचारी हो या फिर कोई दूसरा व्यक्ति, 6-7 साल तक केस लड़कर जीतता है। हाईकोर्ट से आदेश लेकर अपना काम कराने अधिकारियों के पास पहुंचने वाले लोगों को फिर से महीनों भटकना पड़ता है और अधिकारी मनमानी करते हैं। थकहार कर फिर से अवमानना याचिका दायर करनी पड़ती है।

» हाईकोर्ट के कई आदेशों का राज्य शासन या स्थानीय प्रशासन पर पालन नहीं हो रहा

» आईएएस से लेकर आईपीएस राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को कई बार नोटिस

### छह महीने कारावास का है प्रावधान

इस मामले में हाईकोर्ट एडवोकेट अभिषेक पांडे की ओर से पैरवी करते हुए कई बार कहा गया है कि राज्य शासन के आला अधिकारी जिनके ऊपर योजनाओं के क्रियान्वयन के अलावा हाईकोर्ट द्वारा जारी किए जाने वाले निर्देशों का गंभीरतापूर्वक परिपालन की जिम्मेदारी है। ऐसे अधिकारी कोर्ट के निर्देशों की लगातार अवहेलना कर रहे हैं। इसके चलते हाई कोर्ट में अवमानना सहित अन्य मामलों की पेंडेंसी लगातार बढ़ती जा रही है। याचिकाकर्ता के अलावा संबंधित पक्ष को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। अवमाननना अधिनियम 1971 के उपनियम 12 में न्यायालय के आदेश की अवमानना पर छह माह का कारावास एवं दो हजार रुपए जुर्माना का भी प्रावधान है। न्यायालय का कीमती समय बचाने के लिए न्यायालयीन आदेश की अवहेलना के आरोप में जिन अफसरों के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की जा रही है उनको दंडित किया जाना चाहिए।

### आदेश का पालन कराने सजग रहना होगा

हाईकोर्ट के आदेशों का पालन कराने के लिए सरकारी विभागों को सजग होना होगा। आदेश को अपने लॉ आफिसर के माध्यम से समझकर उसका निर्धारित अवधि में पालन जरूरी है। इससे हाईकोर्ट में अवमानना के मामले कम होंगे और लोगों को कोर्ट के आदेश के हिसाब से समय पर न्याय मिल सकेगा।

- उमाकांत सिंह चंदेल, अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन

### अवमानना याचिकाओं की स्थिति

- कुल अवमानना याचिका - 2293
- वर्तमान में दायर नए मामले - 84
- निराकृत प्रकरण - 115
- पांच वर्ष पूर्व के प्रकरण का निराकरण - 6

### अवमानना के मामले

| वर्ष | पेश याचिका | निराकृत | लंबित याचिका |
|---|---|---|---|
| 2015 - | 74 | 45 | 391 |
| 2016 - | 61 | 54 | 367 |
| 2017 - | 48 | 40 | 433 |
| 2018 - | 86 | 40 | 743 |
| 2019 - | 126 | 74 | 994 |
| 2020 - | 84 | 33 | 1510 |
| 2021 - | 114 | 45 | 1988 |
| 2022 - | 161 | 116 | 2299 |

### लंबित मामलों की संख्या

| वर्ष - | दायर याचिका | निराकृत मामले |
|---|---|---|
| 2017 - | 35307 | 31493 |
| 2018 - | 41333 | 37215 |
| 2019 - | 45230 | 39488 |
| 2020 - | 30198 | 26484 |
| 2021 - | 35974 | 30809 |
| 2022 - | 43191 | 33008 |
| 2023 - | 42272 | 36108 |

## खबर संक्षेप

### रामलला दर्शन : विशेष ट्रेन रवाना होगी आज

**बिलासपुर।** मुख्य रेलवे स्टेशन बिलासपुर से 10 जुलाई को शाम 4 बजे रामलला दर्शन के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी। इसमें बिलासपुर संभाग के सभी जिलों के यात्री शामिल होंगे।

### जीवनदीप समिति की बैठक आज

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति, जिला चिकित्सालय की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की बैठक 10 जुलाई को शाम 5 बजे जिला चिकित्सालय के सभागृह में होगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### जनसमस्या निवारण शिविर आज से

**बिलासपुर।** आमजनों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम सीमाक्षेत्र में 10 जुलाई से नगर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर की शुरूआत वार्ड क्रं. 20 शिविर पंचायत भवन, सिंधी कालोनी से की जाएगी। शिविर में ये शिविर पूरे एक महीने तक शहर के विभिन्न वार्डों में आयोजित किए जाएंगे। इनमें सड़कों की साफ-सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, राशन कार्ड एवं सड़कों की मरम्मत, आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भवन, भवन निर्माण अनुमति, नियमितीकरण, संपत्तिकर जैसी मूलभूत सुविधा शामिल है, जिसके लिए आवेदन लिए जाएंगे।

### चक्रधरपुर मंडल में मेगा ब्लॉक, 4 यात्री ट्रेनें रद्द

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न सेक्शनों में मेगा ब्लॉक लेकर



अपग्रेडेशन का काम किया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली 4 यात्री गाड़ियों को रद्द कर दिया गया है। इसमें 13,20 और 27 जुलाई को टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसी तरह 13,20 और 27 जुलाई को टाटानगर व बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### पुराने हाईकोर्ट के पीछे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**बिलासपुर।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के तत्वावधान में 10 जुलाई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज भवन पुराना हाईकोर्ट के पीछे आदर्श कॉलोनी में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। इसमें गोविंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ लाइफ केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा. रामकृष्ण कश्यप अपनी पूरी टीम के साथ सेवा देंगे। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद के ज़िला प्रचार प्रमुख मोहन होनप ने दी।

### प्रशिक्षुओं का आरोप- रेलवे की लापरवाही से हुई घटना

## ट्रेनिंग के दौरान बीसीएन डिपो में अप्रेंटिस की मौत, सहयोगी बोले करंट से गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल स्टेशन के करीब बीसीएन यार्ड में मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान एक अप्रेंटिस की करंट लगने से मौत हो गई। वह अपने सहयोगियों के साथ वैगन की वेल्डिंग के लिए गया था। घटना के बाद जब उसे रेलवे अस्पताल लाया गया तो वहां के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद प्रशिक्षुओं ने अस्पताल का घेराव कर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस घटना के लिए उन्होंने रेल प्रशासन




मृतक

की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर रेलवे के अधिकारी सकते में आ गए। आनन-फानन में एडीआरएम समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। इधर आरपीएफ की टीम गुस्साए प्रशिक्षुओं को समझाने का प्रयास करने लगी। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद उन्होंने हंगामा करना बंद किया। घटना सुबह 9:30 बजे की है। स्टेशन के करीब बीसीएन डिपो में अप्रेंटिस प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन्हीं में से एक महाराष्ट्र जलगांव निवासी प्रसाद गजानन काले अपने सहयोगी के साथ डिपो में मरम्मत कार्य के लिए पहुंचा, जैसे ही उसने मशीन लेकर वैगन में वेल्डिंग करने का प्रयास किया वह करंट की चपेट में आ गया। यह देखकर अन्य सहयोगियों ने उसकी जान बचाने का प्रयास किया। अचेत अवस्था में उसे तत्काल रेलवे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### अस्पताल में मचाया हंगामा

### अफसरों ने कहा- पीएम रिपोर्ट से होगा खुलासा



अप्रेंटिस की मौत के बाद रेलवे अस्पताल के सामने प्रदर्शन करते अप्रेंटिस।

### मुआवजा व मृतक के परिवार से एक को नौकरी की मांग

मौत की खबर सुनते ही पूरे अप्रेंटिस रेलवे अस्पताल पहुंच गए। इसके बाद मौत के लिए रेल प्रशासन की लापरवाही मानकर जमकर हंगामा करने लगे। देखते ही देखते माहौल गरमा गया। हंगामा होते देख अस्पताल प्रबंधन ने आरपीएफ बुला लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद एडीआरएम भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षुओं को समझाने का प्रयास किया। लेकिन, वह मुआवजा व मृतक के परिवार से एक को रेलवे में नौकरी देने की मांग पर अड़ गए। करीब तीन घंटे हंगामा और रेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। एडीआरएम की सन्तोषप्रद आश्वासन के बाद ही उनका गुस्सा शांत हुआ। उसके बाद ही तारबाहर पुलिस शव का पोस्टमार्टम के लिए ले गई।

### जांच के बाद दिया जाएगा मुआवजा

घटना के संबंध में रेलवे प्रबंधन ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बीसीएन डिपो बिलासपुर में एक्ट अप्रेंटिस के तहत कार्यरत प्रसाद काले को कार्य के दौरान अचानक गिरते देख कर सहकर्मियों द्वारा उन्हें इलाज के लिए तुरंत रेलवे अस्पताल ले जाया गया। रेलवे अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस प्रशासन को इसकी तुरंत सूचना दी गई। साथ ही परिजन को भी इसकी जानकारी दी गई। मृत्यु होने के कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद ही चलेगा। यह बहुत ही दुखद घटना है। जांच के बाद कर्मचारी मुआवजा अधिनियम के तहत उनके परिजन को मिलने वाली राशि उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। भुसावल से आ रहे उनके परिजनों को रेल प्रशासन हर संभव सहायता पहुंचाएगा।

### 6 हजार स्टाइपेंड बीमा भी नहीं

प्रशिक्षुओं ने बताया कि रेलवे प्रशिक्षण के नाम पर पूरा काम कराती है लेकिन इसके बदले हमें किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं देती। स्टाइपेंड के नाम पर महज 6 हजार रूपए दिए जाते हैं। मेडिकल सुविधा नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों को 10 लाख का बीमा मिलता है, लेकिन हम 1 साल काम करते हैं और हमारे लिए बीमा का कोई प्रावधान नहीं है।

### मांगने पर भी नहीं देते सुरक्षा उपकरण

प्रशिक्षुओं का आरोप है कि यह घटना रेलवे की लापरवाही की वजह से हुई है। जब गजानन काले ने काम करना शुरू किया तो उसके पास केवल टूल बाक्स ही था। सुरक्षा के नाम पर रेलवे ने ग्लब्स तक नहीं दिया। यदि वह ग्लब्स पहना हुआ होता तो करंट नहीं लगता। प्रशिक्षार्थियों ने एसएससी पर आरोप लगाया गया कि जब सुरक्षा उपकरण की मांग करते हैं तो उनके द्वारा मना कर दिया जाता है। धमकी भी दी जाती है कि ट्रेनिंग करनी है तो इसी व्यवस्था के बीच काम करना होगा। अन्यथा अनुपस्थिति लग जाएगी। महाराष्ट्र, बिहार सहित अन्य राज्यों से प्रशिक्षण लेने आए युवा यहां जाम जोखिम में डाल ट्रेनिंग कर रहे हैं।

## इंजीनियर से 1 करोड़ 30 लाख की ठगी करने वाला मिमिक्री आर्टिस्ट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लड़की की आवाज में शादी करने का झांसा देकर इंजीनियर से 1 करोड़ 30 लाख की ठगी करने वाले मिमिक्री आर्टिस्ट को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली गई है। उसके पास से 4 मोबाइल, 11 सिम कार्ड जब्त किया गया है। वहीं 35 से 40 बैंक खाते सीज किए गए हैं, जिसमें मात्र करीब 6 लाख रुपए होल्ड कराया गया है।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि सरकण्डा निवासी साफ्टवेयर इंजीनियर नितिन जैन अपने भाई से मिलने पूणे गए थे। इसी दौरान उनकी पहचान मैहर जैन कालोनी निवासी रोहित जैन 33 साल से हुई और उन्होंने शादी के लिए लड़की की तलाश करने की बात बताई। इसका फायदा उठाते हुए मिमिक्री आर्टिस्ट रोहित जैन ने लड़की की आवाज निकालकर इंजीनियर से संपर्क बढ़ाया। शादी करने के लिए लड़की खोजने की बात कहते हुए इंटरनेट से तीन लड़कियों की फोटो भेजी। इंजीनियर श्री जैन ने उसमें से एक लड़की को पसंद कर लिया। रोहित ने उस लड़की का नाम एकता जैन बताया और खुद लड़की की आवाज में एकता जैन बनकर बात करना शुरू कर दिया। अलग अलग सिम का उपयोग कर एकता जैन का भाई, जज व अधिकारी बनकर कई तरीकों का झांसा देकर 1 करोड़ 39 लाख 51 हजार 277 रुपए ठगी कर ली। दो दिन पहले इंजीनियर श्री जैन की रिपोर्ट पर साइबर थाना में अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ अपराध कायम कर जांच शुरू की गई। बैंक स्टेटमेंट व तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस टीम ने मध्य प्रदेश मैहर में दबिश देकर मैहर कटरा बाजार जैन एजेंसी वार्ड नम्बर 15 निवासी रोहित जैन पिता रमेश चंद्र जैन 33 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### लड़की की आवाज निकालकर शादी करने का दिया झांसा



ठगी का खुलासा करते एसपी रजनेश सिंह।

### मात्र 6 लाख रुपए होल्ड

पुलिस ने आरोपी के करीब 35 से 40 बैंक खातों को जांच के बाद फ्रीज कराया है। इसमें लगभग 6 लाख रुपए होल्ड कराया गया है। अन्य बैंक खातों की जांच की जा रही है। आरोपी आनलाइन बैटिंग एप, डी - 24 के एवीएटर, तीन पत्ती, रमी, क्रिकेट पर दांव लगाकर सट्टा खेलने का आदी है। ठगी की रकम सट्टा में हार जाने की बात कही जा रही है।

### हैदराबाद का जज बनकर 20 लाख जमा कराए

आरोपी ने पूणे जाकर नई कहानी बनाई और एकता जैन के परिवार का हैदराबाद में प्रापर्टी होना व बिक्री करने जाने की बात कही। नया सिम कार्ड खरीदकर इंजीनियर को हैदाराबाद के इंकम टैक्स के जज सुब्रममण्यम की बदली हुई आवाज में बात कर एकता की गिरफ्तारी होने का झांसा देकर 20 लाख रुपए विभिन्न खातों में जमा कराए।

### चेन्नई टैक्स अधिकारी बनकर 15 लाख वसूले

आरोपी ने इंजीनियर को फोनकर एकता जैन की चेन्नई में भी प्रापर्टी का टैक्स जमा नहीं होने के कारण एकता की गिरफ्तारी की संभावना बताकर चेन्नई प्रापर्टी टैक्स अधिकारी रामकृषणन की बदली हुई आवाज में तमिल, हिन्दी, अंग्रेजी में बातकर 15 लाख रुपए विभिन्न बैंक खाते में जमा कराया।

### एकता जैन बनकर 30 लाख ठगे

आरोपी रोहित ने एकता जैन बनकर लड़की की आवाज में शादी करने की बात तय की। उसके बाद बीमार होने व अन्य आवश्यकता होने का झांसा देकर इंजीनियर से 30 लाख रुपए विभिन्न बैंक खाते में जमा कराए।

### आरबीआई अधिकारी बनकर 20 लाख लिए

आरोपी ने आरबीआई अधिकारी विनीत बनकर कहा कि इन्स्टेन्ट लोन एप के माध्यम से रकम अदायगी न कर पाने के कारण तुम जांच एजेंसियों की सिर्विलेंस में हो, पुलिस व ईडी अधिकारी तुम्हारे घर पर रेड करने वाले हैं। तुम दरवाजा मत खोलना और स्वयं इंजीनियर के घर का दरवाजा खटखटाने लगा और घर के बाहर फोटो खींचकर उन्हें भेजने लगा। गिरफ्तारी का भय दिखाकर 20 लाख रुपए विभिन्न बैंक खाते में जमा कराया।

### भाई अंशुल जैन बनकर 30 लाख मांगे

आरोपी एकता जैन का भाई अंशुल बनकर नए आवाज में इंजीनियर से संपर्क कर अपनी बहन से विवाह की पारिवारिक सहमति दी। उसके बाद शेयर मार्केट में हानि होने, प्रापर्टी टैक्स पटाने, फैमली डिस्टयूट होने का हवाला देकर उनसे 30 लाख रुपए विभिन्न बैंक खाता में जमा कराया।

### हमर पहुना कार्यक्रम में एसपी रजनेश सिंह ने शहर की समस्याओं पर की चर्चा

## अपराध सुलझाने पब्लिक की सहभागिता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कम्युनिटी पुलिसिंग शुरू की तो अब दिखने लगा कि सही-सही होता है और गलत गलत है। एनफोर्समेंट यानी कानून का पालन करने से ज्यादा जरूरी अपराध को रोकना या अपराध होने के बाद उसे सुलझाना जरूरी है। पुलिस पर भरोसा तब पब्लिक को लगेगा कि पुलिस की वजह से वह सुरक्षित हैं। उक्त बातें जिले के एसपी रजनेश सिंह ने मंगलवार को प्रेस क्लब के हमर पहुना कार्यक्रम में शहर की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कही।



उन्होंने कहा कि ऐसे कई अपराध हैं, जिसे सुलझाने में पब्लिक की सहभागिता बेहद जरूरी होती है। जमीन कब्जा हो या लिव-इन रिलेशनशिप में पहले कभी जल्द एफआईआर नहीं होती थी। हमने इस पर काम करना शुरू किया है। यातायात की पाठशाला में चेतना के तहत काम किया गया है। वहीं साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता के लिए पाठशाला प्रमुखता से चलाई जा रही है।

उन्होंने कहा साइबर के कई मामलों में दूर दराज या दूसरे राज्यों से भी अपराधियों को पकड़कर लाते हैं। अपराध जान लेना ही काफी नहीं, अपराधी तक पहुंचना जरूरी है। साइबर क्राइम में 25% सफलता मिलती है, तो बाकी 75% लोगों को आस बन जाती है कि उनका भी काम देर सवेर हो जाएगा।

### कानून का पालन कराने से ज्यादा जरूरी अपराध को रोकना या सुलझाना

### अपराध पर अंकुश लगाने जागरूक करना जरूरी

महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध पर अंकुश लगाने व जागरूक करना जरूरी है। एसपी श्री सिंह ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध पर अंकुश लगाने जागरूकता फैलाने का काम शुरू किया गया है। सीनियर सिटीजन के बीच, किटी पार्टी व स्कूल में बच्चों के बीच खेल के माध्यम से साइबर अपराध को लेकर जागरूक करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मेरे बिलासपुर आते ही एक छोटी बच्ची के साथ क्राइम हुआ था, जो काफी संवेदनशील मामला था, जिसने मुझे इस दिशा में गंभीरता के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया।

### लिव-इन-रिलेशन का मामला हमारा समाज स्वीकार नहीं करता

श्री सिंह ने बताया कि आधुनिकता और पाश्चात्य के बीच सामंजस्य बनाने की जरूरत है। उसके लिए बहुत जरूरी है कि हम मर्यादाओं का उल्लंघन न करें, क्योंकि आधुनिकता और पाश्चात्य के बीच एक बारीक लाइन होती है। हमें संस्कृति के साथ जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लिव-इन-रिलेशन का मामला हमारा समाज स्वीकार नहीं करता है। युवा इसको समझे और अपना ध्यान करियर बनाने में लगाएं और पढ़ाई करें।

### लेफ्ट टर्न से हटेगा कब्जा सिग्नल समस्या करेंगे दूर

शहर में लेफ्ट टर्निंग के मामले में एक बेहतर काम करने जा रहे हैं। अवैध कब्जों की समस्या है, जिस पर कडाई से काम किया जाएगा। कुछ चौक-चौराहों को रिस्ट्रक्चर करना जरूरी है। महाराणा प्रताप चौक में ब्रिज मुहाने तक आ गया है, जिसकी वजह से परेशानी हो रही है। रिस्ट्रक्चर के साथ सिग्नल की भी समस्या खत्म हो।

### रात 8 बजे से 12 बजे तक हेलमेट अनिवार्य

एसपी ने कहा कि ई-चालान के तहत ऐसे कार ड्राइवर को भी दायरे में लिया जाएगा, जो मोबाइल में बात करते हुए ड्राइविंग करते हैं। शहर के अंदर हेलमेट लागू नहीं होगा, शहर से बाहरी क्षेत्रों में हेलमेट का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। शहर के अंदर भी 8 से लेकर रात 12 बजे तक शराब पीकर वाहन चलाने वालों को हेलमेट अनिवार्य किया जाएगा।

## काम में लापरवाही, चार पंचायत सचिवों को नोटिस

**बिलासपुर।** जिला पंचायत सचिव ने कार्य में लापरवाही के मामले में 4 ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जवाब नहीं देने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसमें तखतपुर क्षेत्र के बहतराई ग्राम पंचायत के सचिव लालजी कौशिक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

इसमें कहा गया है कि छग राज्य ग्रामीण क्षेत्र एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र के विकास प्राधिकरण अंतर्गत वर्ष 2019-20 में 6 लाख रुपए की राशि सामूदायिक भवन निर्माण के लिए दी गई थी। यह काम आज तक नहीं हो पाया है। सीईओ ने तीन दिन के भीतर वर्तमान फोटोग्राफ्स के साथ उपस्थित होकर जवाब देने कहा है। इसी तरह तखतपुर क्षेत्र के साल्हेकापा के ग्राम पंचायत के सचिव सुखनंदन राठौर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इसमें कहा गया है कि 5 साल पहले सांस्कृतिक मंच के निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए की राशि स्वीकृत थी। यह काम आज तक पूरा नहीं हो सका है। इसके साथ ही कोटा क्षेत्र के झींगटपुर ग्राम पंचायत की सचिव आरती सुल्तान को नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि छग राज्य ग्रामीण क्षेत्र एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र के विकास प्राधिकरण अंतर्गत वर्ष 2019-20 में 6 लाख रुपए की राशि सामूदायिक भवन निर्माण के लिए दी गई थी। यह काम आज तक नहीं हो पाया है। सीईओ ने तीन दिन के भीतर वर्तमान फोटोग्राफ्स के साथ उपस्थित होकर जवाब देने कहा है। साथ ही कोटा क्षेत्र के सिरसहा ग्राम पंचायत के सचिव दशरुराम मरावी को को नोटिस जारी किया गया है।


नितेश राजा मिश्रा
जन्मदिन 9 जुलाई
श्रीमती दिव्या मिश्रा
जन्मदिन 10 जुलाई
विवाह की 11वीं वर्षगांठ 11 जुलाई
के शुभ अवसर पर आप दोनों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
नितेश राजा मिश्रा
उपाध्यक्ष प्रतिनिधि
श्रीमती दिव्या मिश्रा
उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तखतपुर
जुगल किशोर कौशिक
अध्यक्ष प्रतिनिधि
श्रीमती राजेश्वरी कौशिक
अध्यक्ष जनपद पंचायत तखतपुर
संकलनकर्ता
टेकचंद कारड़ा
हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 10 जुलाई 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## आयोजन

### मोबाइल का अधिक उपयोग करता है एकाग्रता भंग : बीके संतोषी



**बिलासपुर।** एकाग्रता की कमी के कारण जब किसी बात पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते हैं तो जीवन में कई ऐसे कार्य हो जाते हैं जिसका परिणाम बड़ी भूलों के रूप में हमारे सामने आता है। आज सोशल मीडिया से हम इतना अधिक जुड़े हुए हैं कि उसके बिना हमारे जीवन की कल्पना भी असंभव है। कई बार छोटी-छोटी असावधानी हमारे जीवन में बड़ी हानि कर देती है।

उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके संतोषी दीदी ने पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान चेतना के अंतर्गत साइबर की पाठशाला में सरकंडा स्थित आत्मानंद स्कूल में कही। दीदी ने आगे कहा कि बहुत अधिक सोशल मीडिया या इंटरनेट के उपयोग से हमारी मेमोरी पावर पर डायरेक्ट असर होता है। जिससे हमारी याददाश्त शक्ति कमजोर होने लगती है और हम कई बार ऐसी कुछ गलतियां कर लेते हैं जिसके कारण हमें एवं हमारे परिवार को बड़ा नुकसान सहना पड़ता है। एकाग्रता की असावधानी से ऐसे लिंक पर क्लिक कर देते है जिससे ठगी के शिकार होने का खतरा होता है। यह सदी डिजिटल की सदी है। इसके कुछ लाभ है तो कुछ नुकसान भी है। यदि हम उसे सावधानीपूर्वक उपयोग करते हैं तो इससे हमारा जीवन बहुत सहज एवं सुविधाजनक होता है थोड़ी सी भी असावधानी हुई तो साइबर अपराध के शिकार हो सकते है। वर्तमान समय साइबर फ्रॉड बहुत अधिक होने लगे हैं। साइबर अपराध करने के तरीके हर रोज बदल सकते हैं लेकिन अपराध करने के मुख्यतः तीन कारण पैसे कमाना, किसी का डेटा चुराना, किसी की ख्याति खराब करना या बदनाम करना होता है। इन सभी अपराधों से बचने के लिए कुछ सावधानियां सभी को करनी चाहिए। थोड़ी सी सावधानी रखेंगे तो बचाव निश्चित है।

**आत्मानंद स्कूल सरकंडा में साइबर की पाठशाला**

# सेंकड लिस्ट में 70% के पास पहुंचा कटऑफ

अटल बिहारी बाजपेयी यूनिवर्सिटी कॉलेजों की स्नातक की सेंकड लिस्ट मंगलवार देर शाम जारी हो गई। सेंकड लिस्ट में कटऑफ सामान्य वर्ग में 70 प्रतिशत के आसपास आ गया, वहीं ओबीसी, एसटी व एससी वर्ग की केटेगरी में सेंकड डिवीजन तक चला गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीकॉम, बीएससी व बीबीए जैसे कोर्स में कटऑफ सामान्य वर्ग में थोड़ा अधिक है और अन्य वर्ग के लिए इस कोर्स में भी कम हो गया है। बीए, पीजीडीसीए, डीसीए में तो कटऑफ ना के बराबर हो गया है। इसमें छात्रों का एडमिशन आसानी से हो जाएगा। डीपी विप्र, सीएमडी, साइंस कॉलेज व जेपी वर्मा कॉलेज में दूसरी लिस्ट जारी हो गई। गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बुधवार को दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी जाएगी। डीपी विप्र कालेज की प्राचार्य अंजू शुक्ला ने बताया कि छात्रों को 14 जुलाई तक कॉलेजों में जाकर ऑरिजनल दस्तावेज के साथ प्रस्तुत होकर प्रवेश लेना होगा। पिछले वर्ष की तुलना में कटऑफ और भी कम हो गया है। प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई तक चलनी है, अंतिम तक कुलपति की अनुमति से प्रवेश होगा।



**ओबीसी और एसटी, एससी में सेंकड डिवीजन चला गया**

### 15 के बाद होगा ओपन एडमिशन

सीएमडी कालेज के प्राचार्य संजय सिंह ने बताया कि सेंकड लिस्ट में 14 जुलाई तक छात्रों को प्रवेश लेना है। 15 जुलाई से कुलपति प्राचार्यों को प्रवेश देने अनुमति देंगे, जिसमें कोई भी वर्ग और प्रतिशत के छात्र सीधे कॉलेज में प्रवेश ले पाएंगे। यह प्रवेश कॉलेज द्वारा ही लिया जाएगा, इसमें किसी तरह का भी कोई नियम नहीं होगा। इसके बाद कुलपति की अनुमति से 31 जुलाई तक प्रवेश दिया जाएगा।

**डीपी, सीएमडी, साइंस कॉलेज में 14 तक होगा प्रवेश, जीडीसी में आज होगी जारी**



### सीयूईटी के रिजल्ट का इंतजार

सीयूईटी यूजी का रिजल्ट इस सप्ताह आ जाएगा। छात्र अभी असमंजस में हैं, इस वजह से पहली लिस्ट में भी पूरी सीटें नहीं भरी है। छात्र इसके परिणाम आने का इंतजार कर रहे हैं। अधिकांश छात्र सेंट्रल यूनिवर्सिटी में ही प्रवेश लेने चाहते हैं, इसलिए यहां एडमिशन कम हो रहे हैं।

### कम्प्यूटर कोर्स में अधिकांश सीटें खाली

डीसीए, बीबीए, बीसीए व पीजीडीसीए जैसे कोर्स में छात्रों का कम रुझान है। इसमें कटऑफ भी न के बराबर ही है और न ही इनमें ज्यादा आवेदन आए हैं। जबकि डिजीटल समय में इन कोर्स में मांग होनी चाहिए, मगर कई कॉलेजों में इन कोर्स में एडमिशन तक नहीं हुए हैं।

## बातचीत

### नारी प्रधान मूवी मोर बाई हाई फाई में शहर की सृष्टि लीड रोल में



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की बहुप्रतीक्षित फिल्म "मोर बाई हाई फाई" 26 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। इसमें शहर की सृष्टि देवांगन लीड रोल में है। वे कहती है कि तखतपुर-बिलासपुर से निकलकर छालीवुड में लीड रोड का मिलना सपना से कम नहीं है।

12 साल की छोटी से उम्र में हीरोइन बनने का सपना देख रही बिलासपुर की बेटी सृष्टि देवांगन ने 26 जुलाई को आ रही फिल्म मोर बाई हाई फाई में रीड रोल में नजर आएगी। शहर के तनमय देवांगन की सुपुत्री सृष्टि की बिलासपुर में ही शिक्षा प्राप्त की है, पर पढ़ाई में रूचि नहीं होने के कारण 12वीं की पढ़ाई करने के बाद संगीत में ग्रेजुएशन की। बचपन से ही उन्हें टीवी में बड़े कलाकारों को देखकर कलाकार बनने की इच्छा थी। 12 साल की उम्र में रायगढ़ राजघराना की बासंती वैष्णव से लगातार 10 वर्षों तक संगीत की शिक्षा ली। उन्हें पुणे, कटक और शिमला सहित कई स्थानों में कथक में उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त होने का गौरव हासिल हुआ। वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेपाल में भी प्रोग्राम कर चुकी है। सृष्टि देवांगन ने बताया कि छालीवुड में एंट्री डायरेक्टर अभिषेक सिंह के साथ हुई थी। उन्होंने उसे एक्टिंग की बारीकियां सिखाई। उनके सहयोग से लगातार 4 फिल्मों में साइड हीरोइन का रोल बखूबी निभाया था। कई एलबम भी बने है पर लीड रोड में यह उनकी पहली फिल्म है। फिल्म के हीरो प्रकाश अवस्थी एक मंजे हुए कलाकार है। फिल्म मोर बाई हाई फाई नारी प्रधान मूवी है। इसके पहले ऐसा रोल नहीं मिला था। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय फिल्म देख चुकी हैं।

**26 जुलाई को होगी रीलिज, सीएम की पत्नी ने देखी फिल्म**

# नशा मुक्त, पर्यावरण युक्त संकल्प के साथ दौड़े युवा

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिलासपुर महानगर द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर मंगलवार को मैराथन का आयोजन किया गया। यह दौड़ पुलिस ग्राउंड से शुरू होकर पुराना बस स्टैंड होते हुए गांधी चौक और फिर पुलिस ग्राउंड में समाप्त हुआ। मैराथन में डीएसपी संजय साहू, अभाविप के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. अमित बघेल ने पुलिस ग्राउंड से हरी झंडी दिखा कर दौड़ की शुरुआत की। मुख्य अतिथि डीएसपी श्री साहू ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी और नशा मुक्त बिलासपुर के लिए युवाओं को कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता अभाविप के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. बघेल ने कहा कि अभाविप के 76 वर्ष के गौरवशाली इतिहास को कुछ समय में बता पाना बहुत मुश्किल है, ये मैराथन ही अभाविप के कार्यों का प्रमाण है कि समय समय पर अभाविप ऐसे सामाजिक विषयों को उठा कर उसके समाधान की बात करता है। अभाविप अपने स्थापना दिवस को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के नाते मनाता है।



**इन्हें मिला स्थान** : इस मैराथन में छात्राओं में प्रथम स्थान पर पूर्णिमा नेताम, द्वितीय स्थान पर कु. भावना, तृतीय स्थान नीलेश्वरी एवं छात्रों में प्रथम स्थान पर राजेश मरावी, द्वितीय स्थान पर सूरज वर्मा, तृतीय स्थान पर ओम पटेल रहे। दौड़ में अभाविप ने प्रथम पुरस्कार साइकिल, द्वितीय स्मार्ट वॉच, तृतीय पुरस्कार ट्रैक सूट दिया। यह मैराथन लगभग 5.5 किलोमीटर का था।

**अभाविप के 76 वें स्थापना दिवस पर मैराथन का आयोजन**



**ये रहे उपस्थित** : कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष डॉ शैलेश द्विवेदी, महानगर मंत्री जितेंद्र साहू, विभाग संयोजक हेमांशु कौशिक, खेलो भारत के प्रदेश सह संयोजक सत्यम शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो विकास पांडेय, आयुष तिवारी, इंदिवार शुक्ला, सक्षम पाठक, सुप्रिया, वैष्णवी, रमाशंकर सहित अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केन्द्रीय स्कूल में संभाग स्तरीय क्रीड़ा उत्सव का आगाज, चलेगा 11 तक

**बिलासपुर।** केन्द्रीय विद्यालय बिलासपुर में मंगलवार 9 से 11 जुलाई तक संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ के प्राचार्य रमाकांत कौशिक, जो इस क्रीड़ा महोत्सव में प्रेक्षक की भूमिका में भी हैं, थे। अतिथि ने कहा कि खेल हमें मेहनत, संघर्ष व समर्पण का महत्व सिखाता है। अतिथियों के स्वागत के बाद विद्यार्थियों ने सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। उमंगों से भरे जुम्बा नृत्य ने सबका मन मोह लिया। क्रीड़ा उत्सव के प्रथम दिवस कबड्डी (बालिका वर्ग), वालीबॉल (बालिका वर्ग) तैराकी (बालक एवं बालिका वर्ग) 14 वर्ष व 17 वर्ष की प्रतियोगिताएं हुई। वॉलीबाल में केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रायपुर ने केन्द्रीय विद्यालय कवर्धा को लगातार दो सेट में हराया। कप्तान आकांक्षा टोप्पो एवं प्रतिभा मरकाम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। दोनों टीम की खिलाड़ियों ने चपलता, शारीरिक एवं मानसिक सुदृढ़ता, अनुशासन एवं टीम वर्क का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। कबड्डी अंडर 17 में केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर ने खैरागढ़ को हराया और ग्रुप स्टेज में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।



### खेल हमें सिखाता है मेहनत, संघर्ष समर्पण का महत्व : कौशिक



#### मिला है सुनहरा अवसर

मुख्य अतिथि रमाकांत कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों को एक सुनहरा अवसर मिला है। खेल से मिले अनुशासन एवं दृढ़ निश्चय की भावना उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने में सहायक सिद्ध होगी। खेल सच्चे विजय का मार्गदर्शक होता है, जो हमें मेहनत, संघर्ष और समर्पण का महत्व सिखाता है।

#### बच्चों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है स्कूल

विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य लैला कुमारी ने बताया कि इस क्रीड़ा महोत्सव के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रायपुर संभाग के 13 विद्यालयों के 131 प्रतिभागियों एवं 25 अनुरक्षक शिक्षकों ने अपनी सहभागिता दी। केंद्रीय विद्यालय संगठन विद्यार्थियों के सर्वतोन्मुखी विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस आयोजन में सहयोग व प्रोत्साहन के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर की उपायुक्त पी वी एस उषा, सहायक आयुक्त विवेक कुमार चौहान एवं रवींद्र कुमार के लिए धन्यवाद दिया।

## धर्म क्षेत्र

### कूष्माण्डा एवं त्रिपुरभैरवी देवी के रूप में हुई देवी की पूजा

**बिलासपुर।** सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पीताम्बरा पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि त्रिदेव मंदिर में नवरात्र के चौथे दिन सुबह ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार कूष्माण्डा एवं त्रिपुरभैरवी देवी के रूप में किया गया। शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया अभिषेक से किया गया। परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का पूजन एवं श्रृंगार किया गया। प्रतिदिन रात्रिकालीन 8 बजे से 12:30 बजे तक पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ एवं रात्रि 12:30 बजे महाआरती संपन्न हो रहा है। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने कहा कि देवी सम्पदा और असुरी सम्पदा दोनों संसार को चलाती हैं। दैवी सम्पदा अर्थात देवी की उपासना से प्राप्त कर्म,भक्ति, ज्ञान,



सम्पदा संसार में सुख, समृद्धि के साथ-साथ अंत में मोक्ष में सहयोगी होती है, परंतु असुरी सम्पदा दुख और दरिद्र बनाती है। अंत में चौरासी गुना बंधन बनाती है,जैसे माँ अपने बालक के कल्याण के लिए आतुर रहती है,वैसे ही भगवती अपने भक्तों के लौकिक,पारलौकिक और परमार्थिक कल्याण के लिए तत्पर रहती है। संसार की सभी तन्त्र-मंत्र व तांत्रिक और सिद्ध गण बिना माँ के आशीर्वाद के पूरे नहीं हो सकते।

**व्यापमं ने 6 विभागों के रिक्त पदों में भर्ती के लिए सोमवार को जारी किया शेड्यूल**

# भर्ती प्रारंभ... 816 पदों के लिए व्यापमं 28 से लेगा परीक्षा 10.25 लाख अभ्यर्थियों ने किया है आवेदन, कैलेंडर जारी

**कार्नर न्यूज**

विधानसभा और लोकसभा चुनाव के कारण विभिन्न विभागों में लगी भर्तियों पर लगा ब्रेक अब हट गया है। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद व्यापम द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। इसके चलते व्यापम द्वारा भर्ती परीक्षाओं की तिथियां जारी नहीं की जा सकी थी। व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाले आधे से अधिक प्रवेश परीक्षाएं हो चुकी हैं। ऐसे में अब व्यापम द्वारा सोमवार को राज्य के 6 विभिन्न विभागों में रिक्त पदों के लिए आवेदन शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

**बिलासपुर।** 6 विभागों के 8 पदों पर भर्ती परीक्षाओं की शुरुआत 28 जुलाई से होगी। 20 अक्टूबर तक ये परीक्षाएं चलेंगी। जिन 8 भर्ती परीक्षाओं के लिए व्यापम द्वारा अधिसूचना जारी की गई है, उन सभी के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक इन परीक्षाओं में 10.25 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। सर्वाधिक 6.5 लाख आवेदन छात्रावास अधीक्षक के पदों के लिए प्राप्त हुए हैं। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास के अंतर्गत छात्रावास अधीक्षक के रिक्त 300 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी।

**सर्वाधिक 300 पद छात्रावास अधीक्षक के, इसके लिए मिले हैं 6.5 लाख आवेदन**

### बीएससी नर्सिंग के प्रवेश-पत्र जारी

व्यापम ने बीएससी नर्सिंग के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की तिथि जारी कर दी है। यह परीक्षा 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी। सभी 32 जिलों में इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। छात्र व्यापम और चिप्स की वेबसाइट से इसे अपलोड कर सकते हैं। इसके अलावा छात्रों को एक लिंक भी उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा, जिसमें क्लिक कर छात्र अपना प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकेंगे। विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है।

### सिलेबस अपलोड

व्यापम द्वारा भर्ती परीक्षाओं की केवल तिथि ही घोषित की गई है। प्रवेशपत्र परीक्षाओं के पूर्व जारी किए जाएंगे। इन भर्ती परीक्षाओं के लिए अधिसूचना संबंधित विभाग और व्यापम द्वारा पूर्व में ही जारी की जा चुकी है। इस सभी भर्ती परीक्षाओं के सिलेबस व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। प्रश्नों की संख्या, पैटर्न सहित अन्य जानकारी भी इसमें साझा की गई है।

| पद | विभाग | परीक्षा तिथि | पद संख्या | आवेदन संख्या |
|---|---|---|---|---|
| सहायक ग्रेड 3 | छग उच्च न्यायालय | 28 जुलाई | 143 | 60 हजार |
| प्रयोगशाला सहायक | राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला | 25 अगस्त | 8 | 70हजार |
| प्रयोगशाला तकनीशियन | राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला | 25 अगस्त | 8 | 1 लाख 10 हजार |
| छात्रावास अधीक्षक | आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास | 15 सितंबर | 300 | 6.5 लाख |
| प्रयोगशाला तकनीशियन | उच्च शिक्षा संचालनालय | 29 सितंबर | 260 | 60 हजार |
| मत्स्य निरीक्षक | संचालनालय मछली पालन विभाग | 29 सितंबर | 70 | 20 हजार |
| सहायक सांख्यिकी अधिकारी | संचालनालय कृषि | 20 अक्टूबर | 17 | 25 हजार |
| प्रयोगशाला सहायक | संचालनालय कृषि | 20 अक्टूबर | 17 | 30 हजार |

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला जमुनाही में किया गया पौधारोपण

**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में में आज पौधरोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक कृष्णा सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, ललिता यादव, त्रिभुवन साहू सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे। शाला परिसर को हरा भरा रखने तथा रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए शाला परिवार द्वारा संकल्प लिया गया।

### एसडीम कार्यालय में किया गया पौधारोपण



**बोदरी।** बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के बिल्हा मंडल में एसडीम कार्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कृष्ण कुंज में पौधारोपण किया गया। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दंडाधिकारी प्रशिक्षण हाल का उद्घाटन धरमलाल कौशिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष राधिका जितेंद्र जोगी, मंडल अध्यक्ष सोमेश तिवारी, बृज भूषण वर्मा, पुनीता डहरिया, वंदना जेंन्डे, धनेश्वरी डहरिया कोमल ठाकुर, अशोक कौशिक, सतीश शर्मा मनोज वर्मा. कमल मरावी. अशोक पाटले राजेन्द्र डहरिया, जितेन जोगी, वकील संघ के अध्यक्ष जमुना वर्मा अशोक शर्मा, रामनाथ वर्मा, नंदलाल वर्मा, महेश मखीजा, कृष्ण चंद्र महापात्र, कृष्णा संदीप सलूजा, कमल गर्ग सहित पार्टी कार्यकर्ता, एसडीम बजरंग वर्मा, तहसीलदार, लोकेश्वर प्रसाद किरण नायाब तहसीलदार स्टाफ उपस्थित रहे।

### दो पक्षों में हुई मारपीट अपराध पंजीबद्ध

**तखतपुर।** दो पक्षों में हुए मारपीट को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। कल हुए विवाद में जिन युवकों ने मारपीट की है वे पहले भी कई बार मारपीट व शांति भंग करने के नाम पर जेल जा चुके है। पुलिस के अनुसार जनकपुर निवासी देव पटेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात 11:30 बजे राजा डहरिया ने फोन करके ठाकुरदेव मंदिर के पास बुलाया। वहां पर आकाश देवांगन, कान्हा पाठक, नंदू देवांगन, दीपक पटेल आए और राजा डहरिया को देखकर पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए। बेल्ट, लकड़ी के बत्ते, हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। जिस पर प्रार्थी को गंभीर चोंटे आई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 115,2, 295,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। वहीं कान्हा पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि नंदू देवांगन, शरद धुरी, आकाश देवांगन बैठे थे। उसी समय बबलू गेंदले ने आकाश को फोन करके ठाकुरदेव मंदिर के पास बुलाया। प्रार्थी कान्हा पटेल, नंदू, शरद के साथ ठाकुरदेव मंदिर के पास गया। वहां पर बबलू गेंदले, आकाश देवांगन पुरानी रंजीश को लेकर गाली गलौज करते हुए बबलू, राहुल, फिली डाहिरे व अन्य साथियों ने लात मुक्का से मारपीट की। जहां नंदू और शरद गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 115,2, 295,3,5 351,2, 118 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### सकरी को स्वतंत्र पालिका का दर्जा देने की मांग

**सकरी।** नगर पालिका बनाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को मंत्री तोखन साहू से मिलकर सकरी को नगर निगम बिलासपुर से पृथक कर स्वतंत्र नगर पालिका का दर्जा देने की मांग की। सकरी भाजपा मंडल अध्यक्ष बीआर महोबिया के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने केन्द्रीय राज्य मंत्री से मुलाकात किया।मंत्री तोखन ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल व सकरी नगरवासियों की मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा।

## निधन

### शीला चक्रवर्ती



**बिलासपुर।** मन्नू चौक टिकरापारा निवासी शीला चक्रवर्ती का 76 वर्ष की आयु में 9 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 जुलाई को उनके निवास से सुबह 11 बजे दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुदीप चक्रवर्ती और चैताली सारखेल की मां थीं।

### बबीता पांडेय



**बिलासपुर।** वैशाली अपार्टमेंट टिकरापारा मन्नू चौक निवासी बबीता पांडेय का 9 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 जुलाई को दोपहर 3 बजे उनके निवास से तोरवा क्रिश्चियन कब्रिस्तान के लिए निकलेगी। वे संजय पांडेय की पत्नी एवं आस्टिन हाइट (डब्बू) की बहन एवं सागर पांडेय की माता थीं।

# फुलवारी नाले का पुराना पुल तोड़ दिया, नया भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तखतपुर

ग्राम पंचायत सल्हैया के ग्रामीण इन दिनों सिंघनपुरी और सल्हैया के बीच फुलवारी नाले पर बनने वाले 2 करोड़ के पुल निर्माण को ठेकेदार द्वारा आधे में छोड़कर भाग जाने के कारण वहां पर आने जाने वाले वाहनों व स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।

ग्राम सल्हैया से सिंघानपुरी पहुंच मार्ग के बीच फुलवारी नाले पर बना पुल काफी पुराना होने के कारण नए पुल की मांग सालों से चले आ रही थी। जिस पर पिछले वर्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा 2 करोड़ का पुल निर्माण स्वीकृत हुआ। ठेकेदार द्वारा पुराना पुल तोड़कर नया पुल निर्माण प्रारंभ भी कर दिया। कुछ दिन बाद ठेकेदार द्वारा पुल निर्माण जो चालू हुआ था उसे बंद कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उक्त पुल निर्माण का ठेका निरस्त हो गया है। ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ करने से पहले आने जाने के लिए एप्रोच रोड भी नहीं बनाया गया हैं। ग्रामीणों को अब नाले से होकर गुजरना पड़ रहा है जो बारिश होते ही बंद हो जाता है।

### काम छोड़कर भाग गया ठेकेदार



फुलवारी नाले को पार करते ग्रामीण।

**ठेका हो गया निरस्त**

उक्त निर्माण कार्य का ठेका निरस्त हो गया है। ठेकेदार को फाइनल मेजरमेंट के लिए 15 तारीख तक का समय दिया गया है। उसके बाद पुनः रिटेंडर का कार्य होगा। नाले में बारिश का अधिक पानी आता है। जिस कारण अभी कुछ नहीं किया जा सकता है। **-प्रियंका मेहता,** अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग

### सल्हैया सहित गांवों के लोग परेशान

नए पुल बनाने के चक्कर में नाले पर बने पुराने पुल को तोड़ दिया गया। ताकि वहां नए पुल का निर्माण हो सके। परन्तु अब नए पुल का निर्माण भी निरस्त होने के कारण ठेकेदार निर्माण बंद कर दिया हैं। जिससे उक्त स्थान पर ना पुराना पुल रहा और ना नया पुल बन पाया। अब केवल वहां नाला बचा है। जो सल्हैया वासियों के लिए परेशानियों का सबब बन गया हैं।

### स्कूली बच्चों के लिए बड़ी मुसीबत

ग्राम पंचायत साल्हैया में मिडिल स्कूल है। उसके बाद हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल पढ़ने बच्चों को सिंघनपुरी व जूनापरा जाना पड़ता है। जहां जाने के लिए बच्चों को नाला पार करना पड़ रहा हैं। अब पलकों को बच्चों की पढ़ाई की चिंता सताने लगी है ।

### ग्रामीणों ने लगाई को गुहार

ग्राम सल्हैया के सरपंच छोटेलाल जायसवाल ने बताया कि उक्त समस्या से विभाग को अधिकारी को बताया गया है। साथ ही ग्रामीणों के साथ मिलकर विधायक से भी गुहार लगाई गई हैं।



कीचड़युक्त सड़क पार करती छात्राएं।

## रामाकापा की सड़क की हालत जर्जर राहगीरों को हो रही परेशानी

**मुंगेली।** ग्राम पंचायत लिलवाकापा के आश्रित ग्राम रामाकापा जो कि जिला मुख्यालय से तीन-चार किमी की दूरी पर स्थित है, कि सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। सड़क का निर्माण बारह-पंद्रह वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया था। इस सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जो कीचड़ से भरे हुए है। जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर गांव में किसी व्यक्ति की तबियत खराब हो जाती है, तो उसे खाट पर लिटाकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है, जिससे समय पर इलाज नहीं हो पाता और कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। इस समस्या को लेकर ग्रामवासियों ने भी विभागीय अधिकारियों को लंबे समय से आवेदन पत्र के माध्यम से निवेदन किया है, किंतु अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया है। यदि इस सड़क की जल्द मरम्मत नहीं की गई तो ग्रामवासियों और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता धरना व उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## अंचल की सड़कों की हालत जर्जर, आवागमन में परेशानी

**भर्रीडांड़ ।** जीपीएम जिले के आखिरी छोर धरहर से भेलवा, मुंडा, आमाडांड़, सिवनी से उमरिया, जरीआरी, छाता, परासी से बगडुमरा, दारसागर, पयारी, भालूमाड़ा कोतमा, मालाडांड़ से चोलना इन सभी मार्गों की दूरी लगभग एक से दो किमी मप्र के आखिरी छोर को जोड़ने की है। राज्य गठन के 23 साल व जिला को बने चार साल बीतने के बाद भी अगर मप्र की ओर यात्रा करना है तो गड्डों के बीच सड़क तलाशना पड़ता है। इस अंतराल के बीच 8 साल कांग्रेस व 15 साल भाजपा की सरकार रही। लेकिन इस खस्ताहाल सड़क की सुध किसी को नहीं आई। सिवनी के ग्रामीण विजय सिंह कंवर, गोकुल गुप्ता ने बताया कि गुजर नाला मप्र और छग का बॉर्डर है। नदी के इस छोर में सिवनी गांव दूसरे छोर में दैगवां, उमरिया जरिआरी, छाता खूंटा टोला गांव है। जहां के सब्जी व्यापारी सिवनी, लरकेनी, मरवाही व दानीकुंडी बाजार में भारी संख्या में आते हैं। माजसेवी प्रकाश चन्द राय, दिलीप साहू, प्रताप रजक, दुखीराम प्रजापती, रामदयाल कंवर, शिवमंगल सिंह कंवर का कहना है कि राज्य में भाजपा, कांग्रेस दोनों की सरकारें रही हैं। इन्हें ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं की ओर ध्यान नहीं जाता है।



**बजट नहीं है**

जिले से लगे बार्डर के रोड संज्ञान में तो हैं लेकिन बजट नहीं है। अगर विधायक जी अनुसंसा कर दे तो हम लोग अपने अनुपूरक बजट में ले सकते हैं ।
**-एसके उइके,** लोक निर्माण विभाग उप अभियंता

**लम्बा बजट चाहिए**

मेरे जानकारी में है। इसके लिए लम्बा बजट की आवश्यकता है। विधायक मद से तो हो नहीं सकता है। जल्द सेंक्सन करवाते हैं ।
**-प्रणव कुमार मरपच्ची,** मरवाही विधायक

## ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध उत्खनन जोरों पर, खनिज विभाग बेखबर, फायदा उठा रहे माफिया



**जरहागांव।** क्षेत्र के मनियारी नदी किनारे से रेती निकाल कर डंप किया जा रहा है। जिसे मोटी रकम में बेची जा रही है। ग्राम पंचायत कुरानकापा के लोहराकापा के सड़क किनारे का मुरम निकाल कर धड़ल्ले से बेची जा रही है।

बिना रॉल्टी की अवैध रेती, मुरूम उत्खन्न किया जा रहा है। तालाब से हजारों हाइवा मुरूम निकाली गई है। जिनके कारण खतरनाक गड्ढे बन गए है। मुख्य सड़क होने के कारण स्कूली बच्चों का आना जाना लगा रहता है।ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध उत्खनन का कारोबार जोरों से चल रहा है। मुरूम तथा रेती का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। इस पर अंकुश लगाने वाले कोई नहीं दिखता।

**कार्रवाई की जाएगी**

कहां पर अवैध उत्खन हो रहा है। उसे तत्काल पता लगाकर उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी।
**-प्रकृति ध्रुव,** नायब तहसीलदार तहसील जरहागांव

## गोदाम से तीन लाख का 15 टन अवैध कबाड़ जब्त, वैध दस्तावेज नहीं कर सके पेश

**मरवाही।** साइबर सेल जीपीएम व थाना मरवाही की विगत दिनों संयुक्त कार्रवाई में चोरी के आरोपियों से पूछताछ व दानीकुंडी स्थित कबाड़ गोदाम के बारे में मिल रही जानकारी पर एसपी भावना गुप्ता के निर्देश पर थाना प्रभारी मरवाही उप निरीक्षक गंगाप्रसाद बंजारे के द्वारा टीम के साथ जाकर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान मां दुर्गा ट्रेडर्स के गोदाम से भारी मात्रा में अवैध कबाड़ का जखीरा मिला। सुपरवाइजर सुखपाल सिंह उक्त कबाड़ के संबंध में संतोषप्रद जवाब न देने और वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर बेईमानी और चोरी से प्राप्त वस्तु के धारक होने के कारण बीएनएसएस की धारा 35 (1 ड)/317 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। मौके से 15 टन अवैध कबाड़ अनुमानित मूल्य तीन लाख रुपए जब्त किया गया। मामले में गोदाम संचालक छोटे लाल परासर पर भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**संचालक व सुपरवाइजर पर की गई कार्रवाई**



## छात्रों को नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं, पालकों ने कलेक्टर को दी स्कूल बहिष्कार की सूचना



**पथरिया।** विकास खंड पथरिया के ग्राम बिरकोनी के सैकड़ों पालक शिक्षा विभाग पर नाराजगी जताते हुए गांव के स्कूल में बच्चों को मूलभूत सुविधा नहीं मिलने के कारण मुंगेली कलेक्टर को शाला बहिष्कार करने की सूचना दी है। पालकों ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल बिरकोनी में नया भवन 2019-20 से संचालित हो रहा है। स्कूल मेन सड़क से 700 मीटर की दूरी पर है। जो अत्यधिक गड्डे च कीचड़ से भरा रहता है। कई बार बच्चे कीचड में गिर जाते है। साथ ही स्कूल में बउंड्रीवाल भी नहीं है। मालूम हो कि नए शिक्षा सत्र को शुरू होने के लगभग एक माह बाद भी सरकारी स्कूलों में अधिकतर के हालात खराब हैं। स्कूल में पेयजल सुविधा भी नहीं है। छात्र बोतल में पानी लेकर स्कूल पहुंच रहे हैं। बिजली के भी इंतजाम नहीं हैं। कई स्कूलों में अब तक टायलेट सहित किचन शेड भी कंप्लीट नहीं हो पाए हैं। कलेक्टर को शाला बहिष्कार की सूचना देने वाले पालकों में संता राम साहू, महेन्द्र साहू, रामनाथ खुसरो, अभिषेक मेहर, कृष्ण कुमार जायसवाल व अन्य उपस्थित थे।

**व्यवस्था किया गया है**

स्कूल पहुंच मार्ग सड़क पर मुरुम डालकर वैकल्पिक व्यवस्था किया गया है। शासन द्वारा स्कूल में एप्रोड सड़क निर्माण की स्वीकृति करनी चाहिए ।
**-सहोद्र खुसरो,** सरपंच

# परिसीमन को लेकर एसडीएम व पालिका अधिकारी को ज्ञापन

**तखतपुर।** नगरीय निकाय क्षेत्र में हो रहे परिसीमन में वार्डों में राजनीतिक स्वार्थ को लेकर परिसीमन किया जा रहा है। जिसका वार्ड क्रमांक 5 के पूर्व पार्षद संदीप खाण्डे के नेतृत्व में एसडीएम व नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया गया कि वार्ड 5 अजा वर्ग के लिए आरक्षित है। जनसंख्या के हिसाब से मतदाता इस वार्ड में होने के बावजूद गलत तरीके से परिसीमन को रोके जाने की मांग की गई है।

■ गलत तरीके से परिसीमन को रोके जाने की मांग

पालिका चुनाव दिसम्बर में होना है। जिसके लिए 2011 की जनसंख्या के आधार पर परिसिमन किया जा रहा है। परिसीमन का कार्य जनसंख्या के आधार पर होना है। तखतपुर वर्तमान में लगभग 17 हजार मतदाता है। इस हिसाब से प्रत्येक वार्ड में 11 सौ मतदाता होने चाहिए। पर वार्ड 5 व 14 अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। जहां पर जन संख्या के आधार पर वर्तमान में पर्याप्त मतदाता है। जबकि वार्ड 1, 2, 3, 4, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13 एवं 15 में मतदाताओं की संख्या सामान्य नहीं है। इन्हीं वार्डों में मतदाताओं को बराबर कर परिसीमन होना है। नगरपालिका में कांग्रेस पार्षदों को जानकारी मिली कि राजनीतिक स्वार्थ के चलते दबावपूर्वक कुछ वार्डों में मतदाता की संख्या असामान्य होने के बावजूद कुछ नहीं किया जा रहा है। और ऐसे वार्ड जहां मतदाता औसतन जनसंख्या के आधार पर बराबर है उन वार्डो को राजनीतिक स्वार्थ के चलते मतदाता की संख्या में बिना कारण के परिसीमन किया जा रहा है। और ऐसा ही मामला वार्ड 5 का सामने आया जहां वार्ड 5 मिशन कम्पाउण्ड के हिस्से में वार्ड 4 में जोड़ दिया गया। वहीं वार्ड 3 के हिस्से को वार्ड 5 में जोड़े जाने की जानकारी पूर्व पार्षद संदीप खाण्डे को मिलने पर उन्होंने आज कांग्रेसी पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, नेता प्रतिपक्ष टेकचंद कारड़ा, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन, पूर्व ऐल्डरमेन चंद्रप्रकाश देवांगन, नट्टू जायसी, राजू ठाकुर ने आज एसडीएम और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि वार्ड 5 अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षित है। परिसिमन में बिना कारण के कांटछांट की जाती है तो आरक्षित वार्ड मूल भावना से भटक जाएगा। अगर पालिका क्षेत्र के अन्य वार्डों में भी किसी तरह के परिसिमन में लापरवाही की जाती है तो आंदोलन की चेतावनी दी है।



**आंदोलन किया जाएगा**

नगरपालिका क्षेत्र में परिसिमन में जनप्रतिनिधियों को विश्वास में नही लिया जाना ठीक नहीं है। अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर परिसीमन किया जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो आंदोलन किया जाएगा।
**-बिहारी देवांगन** नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तखतपुर।

**जानकारी मिली है**

आरक्षित वार्ड में नगरपालिका द्वारा मूल भावना से भटककर कार्रवाई की जाने की जानकारी मिली है। अगर सुधार नहीं किया गया तो न्यायालय का शरण लिया जाएगा।
**-संदीप खाण्डे** पूर्व पार्षद वार्ड क्रमांक 5 तखतपुर।

**कार्य किया जा रहा है**

नगरपालिका क्षेत्र में परिसिमन का कार्य किया जा रहा है। प्रकाशन तिथि एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई है। परिसिमन कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी।
**-भूपेश दीवान** सीएमओं तखतपुर।

## सब्जियों के दाम छूने लगे आसमान बिगड़ा आम आदमी के घर का बजट

**मल्हार।** बरसात का मौसम शुरू होते ही सब्जियों के दाम आसमान छूने लग गए। जिससे आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। रोजी मजदूरी करने वाले परिवार के लिए सब्जी व राशन खरीदना बड़ी चुनौती हो गई है। ऐसे में अब वे एक वक्त ही सब्जी बनाकर काम चला रहे है। दूसरी तरफ राशन सामानों के दाम भी अचानक से बढ़ गए जिससे लोगों की रसोई पर भी असर पड़ गया।



महंगाई की दोहरी मार झेल रहे लोगों को अब सोच समझकर खर्च करने पड़ रहा है। क्योंकि परिवार चलाने के लिए राशन व सब्जी की पहली व्यवस्था करना जरूरी है। और यही जरूरी सामानों के दाम आसमान छू रहे है। बाजार में बरबट्टी 60, भिंडी 40, बैगन 50, मूली 40, मिर्च 200, धनिया 200, कटहल 30, करेला 80, चुटचुटिया 80, लौकी 30, कद्दू 30, टमाटर 60, दोड़का 40, लालभजी 40, मुनगा 60 रुपए किलो के साथ ही सस्ते में मिलने वाली सभी भाजी की कीमत 30 रुपए से कम नहीं है। सब्जी विक्रेता दुर्गेश कैवर्त का कहना है कि स्थानीय स्तर पर सब्जी का उत्पादन बहुत कम हो रहा है। सब्जियां बाहर से आ रही है इसलिए दाम अधिक है।

**आम सूचना**

मैं अपने कार्यार्थी विकास कुमार पिता जोहन प्रसाद निवासी ग्राम रांक तहसील सीपत जिला बिलासपुर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि, मेरे कार्यार्थी ने श्री दिनेश शुक्ला पिता श्री गोविंद प्रसाद शुक्ला पता रोहणीपुरम रायपुर छ.ग. के स्वत्व, स्वामित्व एवं अधिपत्य में स्थित ग्राम लिंगियाडीह राजकिशोर नगर प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. भूमि खसरा क्रमांक 158/6 में से भू-खण्ड क्रमांक 90/25 क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट जिसके पूर्व में भू-खण्ड क्रमांक 89/26, पश्चिम में भू-खण्ड क्रमांक 1 एवं 2, दक्षिण में 15×30 का भू-खण्ड, उत्तर दिशा में सड़क स्थित है को क्रय करने का मौखिक अनुबंध किया है तथा शीघ्र ही भूमि का विक्रय पत्र पंजीयन अपने पक्ष में कराने के लिये तत्पर एवं तैयार है. यदि उक्त भूमि के विक्रय से किसी शासकीय, अर्धशासकीय, अशासकीय व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समय व्यतित होने के बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं मेरा कार्यार्थी भूमि का विक्रय पत्र पंजीयन अपने पक्ष में कराने के लिये स्वतंत्र होगा. अस्तु सूचना पत्र से जन सामान्य अवगत हों.
बिलासपुर, दिनांक 09.07.2024
**प्रकाशक- विवेक सिंह ठाकुर(अधिवक्ता)**
**महाराणा प्रताप सांस्कृतिक भवन के सामने अरविंद नगर सरकंडा तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मों.नं.-9827111681**

**आम सूचना**

एतद् पश्चात् आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती हेमा शर्मा पति श्री रितेश शर्मा एवं हम दोनों के दाम्पत्य से उत्पन्न पुत्री सुरभी शर्मा उम्र 13 माह निवासी ग्राम भैसामुड़ा तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. की हूं जो कि मेरे पति श्री रितेश शर्मा के नाम पर ग्राम भैसामुड़ा प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. 39 रा.नि.मं. टेमरी तहसील व जिला मुंगेली में कृषि भूमि क्रमशः 27, 36/2, 92, 93, 94/2, 98, 115/3, 127, 198, 199, 200, 202, 203/3, 206, 211, 212, 213, 219, 220/1, 224 एवं 246 कुल खसरा 21 कुल रकबा 6.220 हेक्टेयर (15.37 एकड़) भूमि स्थित है। जिस पर मैं संयुक्त रूप से दाखिल काबिज हूं पूर्व में कुछ जमीन को मेरे पति मेरी गैर जानकारी में बिक्री कर चुका है जिससे शेष जमीन की सुरक्षा के लिए में 15.37 एकड़ जमीन स्थित है। मेरे व मेरी पुत्री द्वारा माननीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग. के न्यायालय में व्यवहार वाद वास्ते बटवारा, घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु वाद पेश है। मेरे पति श्री रितेश कुमार उपरोक्त दर्शित भूमि में से कुछ भूमि को पुनः बिक्री करने के लिए क्रेता की तलाश की जा रही है। इसलिए आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित भूमि को यदि किसी व्यक्ति के द्वारा क्रय किया जावेगा व उक्त विक्रय शून्य माना जावेगा तथा खरीददार के ऊपर कानूनी कार्यवाही भी किया जावेगा जिसमें आने वाली समस्त खर्च की जिम्मेदारी आपकी होगी।
दिनांक 06.07.2024
भवदीय
श्रीमती हेमा शर्मा

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनान्तर्गत, नेहरू नगर बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक डी.- 11, आबंटी श्रीमती चन्द्रिका कोशले पति स्व. सुन्दर लाल कोशले, को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 02.05.2014 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक-20.09.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री कृष्ण चंद्र चौधरी पिता श्री कार्तिक चौधरी, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/ हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार स्वाति राय, पति रितेश राय ने विक्रेता किशन लाल गुप्ता, पिता सम्पत लाल गुप्ता से उनके स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि, डायवर्सन सुदा, मौजा मंगला, प.ह.नं. 35, खसरा नं. 1265/ 16, रकबा 995 वर्गफुट, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) का खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है, तथा यथाशीघ्र उक्त भूमि की रजिस्ट्री करा ली जावेगी।
अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त सौदे एवं विक्रय के संबंध में कोई आपत्ति हो तो, इस पेपर प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित अपनी आपत्ति दर्ज करावे, अन्यथा समय के पश्चात की गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी।
सो सूचना जाने!
दिनांक:- ........
भवदीय
**आलोक कुमार गुप्ता**
**अधिवक्ता**
**मेन रोड़ तिलक नगर बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. नं.- 9827183955**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2023-24
पक्षकार कु. शारदा टिकनू पिता स्व. गोविन्द टिकनू..... आवेदिका बनाम
बृजेश कोहली पिता स्व.नरेन्द्र कोहली.... अनावेदक
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका कु.शारदा टिकनू पिता स्व. गोविन्द टिकनू निवासी डीपूपारा तारबहार नाका बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा शीट नं. 05 प्लाट नं. 14/11, 14/12, 14/13 रकबा 7158, 3500, 3500 व. फु. कुल रकबा 14158 व. फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि पर निर्मित/ निर्माणाधीन परिसर महिमा टावर के थर्ड फलोर पर निर्मित प्रकोष्ठ क्रमांक 406 रकबा 830 व. फु. को आवेदिका व्दारा अनावेदक/ विक्रेता बृजेश कोहली पिता स्व.नरेन्द्र कोहली से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 26.07.2006 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 30/7/2024 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नही होगा।
आज दिनांक 8/7/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अपने मुवक्किल श्री छोटे लाल सतनामी पिता स्व. श्री बाबूलाल सतनामी उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम व थाना व तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. से अधिकृत होकर प्रकाशन कराता हूँ कि अनावेदक रोशन लाल बंजारे पिता छोटे लाल बंजारे निवासी पामगढ़ द्वारा दिनांक 01.07.2024 को रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्टर्ड मुख्तियार खास भूमि विक्रय के लिये बनाया गया है। जिसमें भूमि खसरा नंबर 77 / 3 रकबा 1.50 एकड़ है को बिक्री करने का उल्लेख किया गया है, उक्त मुख्तियार खास मेरे मुवक्किल से दवाब पूर्वक हस्ताक्षर कराया गया है। मुख्तियार खास देने में मेरे मुवक्किल का कोई सहमति नही है। इसलिये उपरोक्त भूमि को खरीद बिक्री करने का सौदा न करे और उक्त मुख्तियार खास को आज दिनांक 10.07.2024 से निरस्त माना जावे, यदि सूचना पश्चात भी क्रय विक्रय किया जाता है तो अवैध एवं शुन्य माना जावेगा।
सो सूचित किया।
दिनांक :- 10.07.2024
भवदीय
**के.पी. दिव्य अधिवक्ता**
**सिविल कोर्ट बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा परसदा प.ह.नं. 23/49 रा.नि.म. रा.नि.म. तहसील वो जिला बिलासपुर में स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 141/79, 168/7,169/7 रकबा 1750 वर्गफूट भूमि संतोष गर्ग पिता रामजी लाल अग्रवाल निवासी बिलासपुर के नाम पर पटवारी अभिलेख में इन्द्राज है, जिसके उत्तर में विक्रेता, दक्षिण में भट्टाचार्य, पूर्व में खिलावन एवं पश्चिम में रास्ता है, जिसे मेरे पक्षकार श्री कविन्द्र नारायण सिन्हा पिता स्व. मोजी निवासी एकतानगर ए-25, सेक्टर 2, रायपुर गुढ़ियारी छ.ग. वाले के पास बिक्री करने का पक्का सौदा कर एडवांस राशि प्राप्त किये हैं, उपरोक्त भूमि को भारमुक्त एवं निर्विवाद बताते हुये शेष रकम पंजीयन कार्यालय बिलासपुर में संपूर्ण रकम प्राप्त कर शीघ्र ही पंजीयन किया जाना है।
अतः उपरोक्त भूमि के सौदे में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा हो तो इस प्रकाशन दिनांक से 7 दिन के अंदर मय दस्तावेज सहित मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, समयावधि पश्चात किये गये आपत्ति अमान्य होगी तथा विक्रेता द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में की गई निष्पादित पंजीकृत बैनामा वैध मानी जावेगी।
सूचना जानिये ।
भवदीय
**दिनेश कुमार यादव**
**अधिवक्ता**
**तहसील केम्पस, नेहरू चौक बिलासपुर, छ.ग.**
**मोबा. नंबर-93011-59018**

## खबर संक्षेप

### गौ कृपा महोत्सव श्रीमद् भागवत कथा 11 से, निकलेगी कलश यात्रा



**बिलासपुर।** बिलासपुर गौ सेवा धाम के तत्वावधान में आयोजित गौ कृपा महोत्सव श्रीमद् भागवत कथा 11 से 18 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे गौ सेवा धाम से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो कि शहर के मुख्य मार्ग कोतवाली चौक, गोलबाजार चौक, देवकीनंदन चौक के भ्रमण पश्चात कथा स्थल जाकर समाप्त होगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए कथा व्यास रामानुजाचार्य स्वामी श्री अनंताचार्य महाराज भी कलश यात्रा में उपस्थित रहेंगे। 108 मंगल कलश बाजे गाजे के साथ रहेगा। वृंदावन से आई मनमोहक झांकियां भी शामिल रहेगी।

### एसपी ने ट्रैफिक सिग्नल में लेफ्ट टर्न सुधारने का दिया निर्देश



**बिलासपुर।** एसपी ने शहर भ्रमण कर ट्रैफिक एडीशनल एसपी को ट्रैफिक सिग्नल में लेफ्ट टर्न सुधारने के निर्देश दिए। मंगलवार की शाम एसपी रजनेश सिंह शहर का भ्रमण कर ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया गया है। इस दौरान अधिकांश ट्रैफिक सिग्नल में बने लेफ्ट टर्न में गाड़ियों का खड़ा होना पाया गया। उन्होंने ट्रैफिक एडीशनल एसपी नीरज चंद्राकर को ट्रैफिक सिग्नल में लेफ्ट टर्न के लिए डिवाइडर में सुधार करते हुए और आगे बढ़ाने का आदेश दिया, ताकि लेफ्ट टर्न में एक भी गाड़ी घुस न पाए। एएसपी श्री चंद्राकर ने बताया, बुधवार को कलेक्टर, एसपी अन्य एजेंसी के अधिकारियों के साथ शहर का भ्रमण कर ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेकर सुगम यातायात व्यवस्था बनाने सभी एजेंसी के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया जाएगा।

### श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव पर ड्रेस वितरण



**बिलासपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर उमा स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें श्री गुरु तेग बहादुर एवं सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। नए प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर आरती उतार कर पुष्प वर्षा की गई। बच्चों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। श्री गुरु तेग बहादुर शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल एवं समिति द्वारा नए प्रवेश लेने वाले बच्चे हर्षिता कश्यप, अर्पणा यादव, लावण्या साहू, लक्ष्य साहू, गजेन्यू ,हर्ष धोबी, पीहू निर्मलकर, दीपिका यादव, सुजल देवांगन, समृद्धि टंडन, तृप्ति ध्रुव, प्रतीक कुमार यादव को 2 जोड़ी स्कूल ड्रेस निशुल्क दिया गया। बच्चों को चॉकलेट भी बांटे गए। इस अवसर पर त्रिलोचन सिंह चरण सिंह, मनदीप कौर, निशी गुप्ता, अमरेंद्र मुखर्जी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

### संभावित सड़क दुर्घटना वाले स्थलों की पहचान कर इसे रोकने का उपाए करें



**बिलासपुर।** सड़क दुर्घटनाओं के कारण एवं इसे रोकने के उपायों के संबंध में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कलेक्टर एवं एसपी रजनेश सिंह ने अधिकारियों को जिले के संभावित दुर्घटना वाले स्थानों की पहचान कर आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। इन उपायों पर सभी ने विचार-मंथन किया। उन्होंने दुर्घटना रहित यात्रा के लिए नियमों का कड़ाई से पालन करने कहा। उन्होंने सभी नागरिकों से हेलमेट व सुरक्षा बेल्ट लगाकर नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की। समिति की इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। वहीं आवारा मवेशियों को मुख्यमार्ग से हटाने कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण इलाकों में जनचौपाल लगाया जा रहा है, जहां पशुपालकों को इस संबंध में जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने एवं हेलमेट नहीं लगाने की वजह से सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने अभियान चलाकर इसकी जांच के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पुलिस विभाग द्वारा ई-चालान के 22 हजार 334 प्रकरणों में 1 करोड़ 56 लाख 24 हजार शमनशुल्क लिया गया। एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि जिले में निजात नशा विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। जिससे लोगों को नशे से दूर रहने जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्कूलों एवं कालेजों में यातायात जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित करने कहा।

### शांति समिति ने मोहर्रम पर्व सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने लिया निर्णय

**बिलासपुर।** जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें मोहर्रम पर्व आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। एडीएम आरए कुरूवंशी ने शहर की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप सदभावनापूर्वक पर्व मनाने की अपील की। शांति समिति के सदस्यों ने शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का भरोसा दिलाया। पुलिस विभाग को मोहर्रम पर्व के दिन ताजिया एवं विसर्जन के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, नगर निगम को ताजिया एवं विसर्जन स्थल की साफ-सफाई के साथ लाइट एवं पेयजल की व्यवस्था करने के साथ विद्युत विभाग को बिजली व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई। स्वास्थ्य विभाग को पर्व के दौरान आपातकालीन चिकित्सा की तैयारी के साथ सतर्क रहने कहा गया। बैठक में एडिशनल एसपी उमेश कुमार कश्यप, सिटी एसपी पूजा कुमार, संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे, नगर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुमार, शांति समिति के सदस्य हबीब मेमन, इरसाद अली, फिरोज कुरैशी सहित शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

### नाराज छात्रों ने अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग को घेरा, गेट के बाहर बैठकर की जमकर नारेबाजी

# बीएससी सेकंड ईयर के विद्यार्थियों को हिन्दी मिला शून्य नंबर, मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा बीएससी सेकंड ईयर का परीक्षा परिणाम जारी किया गया है। लेकिन इसमें कई विद्यार्थियों का रिजल्ट खराब आया है और उन्हें हिन्दी विषय में शून्य दिया गया है। इसलिए खराब रिजल्ट को लेकर मंगलवार को छात्र-छात्राओं ने यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग का घेराव किया।

अटल यूनिवर्सिटी परीक्षा विभाग का घेराव करने पहुंचे विद्यार्थी चैनल गेट बंद होने पर वहीं सामने धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करते रहे। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा बीएससी सेकंड इयर का रिजल्ट 5 जुलाई को जारी किया गया है। इसमें सेकंड ईयर की छात्रा प्रियंका मिश्रा, हर्ष कोस्टा, चित्रा कुमार, रितेश सिंह आदि कई छात्र-छात्राओं का रिजल्ट खराब आया है और उन



छात्र-छात्राओं को हिन्दी विषय में शून्य नंबर मिला है। इसके अलावा खुशनुमा को 2 अंक, मधुलिका को 7 अंक, वर्षा को 11 अंक, यांशिया को 12 अंक, सिद्धार्थ को 12 अंक, शेख अंजुम को 13 अंक, रोशन पटेल को 13 अंक, विनोद कुमार को 14 अंक मिले हैं। इस तरह सैकड़ों विद्यार्थियों को हिन्दी विषय में शून्य और बहुत से विद्यार्थियों को कम-कम अंक मिले हैं। इससे आक्रोशित विद्यार्थियों की भीड़ अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग घेराव करने पहुंची थी। छात्रों की भीड़ को देखते हुए यूनिवर्सिटी द्वारा परीक्षा विभाग के गेट पर ताला बंद करवा दिया गया, जिससे विद्यार्थी वहीं गेट के सामने नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। इसके कुछ देर बाद यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान व डिप्टी रजिस्ट्रार फखरूद्दीन कुरैशी बाहर आए और छात्रों की बातों को गंभीरता से सुना।

छात्रों का कहना था कि हिन्दी विषय के पर्चे का पुनः मूल्यांकन कराया जाए एवं दोषी प्राध्यापकों पर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही आशीर्वाद पैनल की ओर से तीन दिवस के भीतर परीक्षा परिणाम पुनः घोषित नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस पर परीक्षा विभाग के अधिकारियों ने छात्रहित में निर्णय लेकर विद्यार्थियों के रिजल्ट घोषित करने का आश्वासन दिया है।

#### गलत मूल्यांकन करने का आरोप

बीएससी सेकंड ईयर में जिन छात्र-छात्राओं का खराब रिजल्ट आया है उनका कहना है कि उनके द्वारा सभी प्रश्नों के उत्तर अच्छे ढंग से लिखे गए हैं और अन्य विषयों में उनके अंक अच्छे आए हैं। लेकिन केवल हिन्दी विषय के उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन गलत तरीके से किया गया है। आज यूनिवर्सिटी घेराव पहुंचे विद्यार्थियों में मनीष मिश्रा, मनोज मेश्राम, विक्रांत, विकास, विभांशु, विनोद, भूपेन्द्र, शेख अंजुम, वर्षा, प्रांशु, प्रियंका, निशु, रिया, मधुलिका, रश्मिका, खुशनुमा, सिद्धार्थ, राहुल, हर्षवर्धन, रोशन, हर्ष, चित्र कुमार, नोबल आदि शामिल रहे।

### स्पेन में उच्च शिक्षा पर आयोजित संगोष्ठी में कुलपति ने दिया उद्बोधन

# भारत स्टार्ट अप तथा नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र : प्रो. चक्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 7 से 11 जुलाई तक होगा आयोजन

गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने स्पेन में 7 से 11 जुलाई तक आयोजित संगोष्ठी में कहा कि भारत दुनिया में स्टार्ट अप और नवाचार के क्षेत्र में प्रगति करते हुए अग्रिम पंक्ति में अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहा है। विज्ञान एवं अभियांत्रिकी जैसे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत दुनिया में शोध उपाधि एवं अनुसंधान में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि भारत में स्टार्ट अप को विकसित करने के लिए अनुकूल वातावरण है। भारत स्टार्ट अप इकोसिस्टम उपलब्ध कराने वाला दुनिया का तीसरे नंबर का देश है। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि 2015 से 2022 के मध्य स्टार्ट अप की फंडिंग में 15 गुना से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जिसमें नौ गुना निवेशक तथा सात गुना इंक्यूबेटर्स शामिल है। देश में लगभग




स्पेन में आयोजित संगोष्ठी को उद्बोधित करते कुलपति प्रो . चक्रवाल।

125 यूनिकॉर्न स्टार्ट अप का आंकलन 350 बिलियन डॉलर के करीब है। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि भारत शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व में अपना अग्रणी स्थान बनाने में सफल रहा है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के क्षेत्र में शोध उपाधि देने वाला एवं शोध पत्र प्रकाशन के विषय में भारत तीसरे क्रम पर है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2023 के मुताबिक भारत दक्षिण मध्य एशिया की 10 अर्थ व्यवस्थाओं में प्रथम है। इस संगोष्ठी का आयोजन स्पेनिश सर्विस फॉर इंटरलाइजेशन ऑफ एजुकेशन द्वारा किया गया। जिसमें भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) का प्रतिनिधि मंडल शामिल है। संगोष्ठी में उच्च शिक्षा पद्धति, अकादमिक एवं शोध के क्षेत्र में परस्पर सहयोग तथा भारत और स्पेन के मध्य शैक्षिक आदान-प्रदान जैसे विषयों को शामिल किया गया है।

#### शोध व अनुसंधान को मिल रहा बढ़ावा

कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सरकार और निजी क्षेत्र की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। देश में शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में एचएएल, एनआईएबी, एनआईओटी, आरजीसीबी और वीईसीसी जैसे संस्थान लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। क्यूएस रैंकिंग के अनुसार अपनी गुणवत्ता एवं मानकों को उच्चता प्रदान करने के क्षेत्र में भारत के उच्च शिक्षण संस्थान दुनिया के अन्य देशों की तुलना में दूसरे पायदान पर हैं।

#### नए प्रतिमान स्थापित कर रहा सीयू

कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि भारत के शैक्षणिक योगदान में गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय का अमूल्य योगदान है। यह शोध व नवाचार के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ एमओयू हो रहे हैं। हाल ही में विश्वविद्यालय को भारत की उच्चतम रैंकिंग नैक ए प्लस प्लस प्राप्त हुई है।

### निर्माणाधीन सार्वजनिक शिव मंदिर का विरोध, गार्डन में लगाया कैमरा



वेयर हाउस रोड पर गार्डन में निर्माणाधीन शिव मंदिर।

**बिलासपुर।** महामाया विहार रहवासी कल्याण समिति वेयरहाउस रोड द्वारा कॉलोनी के उद्यान में निर्माणाधीन शिव मंदिर का एक व्यक्ति द्वारा विरोध किया जा रहा है। निगम प्रशासन से शिकायत कर इस पर रोक लगाने की मांग की जा रही है। वहीं समिति ने इस शिकायत को निराधार बताया है।

महामाया विहार रहवासी कल्याण समिति के सचिव रामेश्वर सोनी ने बताया कि कालोनी के उद्यान में भव्य शिव मंदिर की स्थापना की जा रही है। यह स्थापना महामाया विहार में रहने वाले लगभग सौ परिवारों द्वारा स्वयं की लागत से किया जा रहा है। मंगलवार को समिति के अध्यक्ष विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष योगेश तिवारी, सचिव रामेश्वर सोनी एवं कार्यकारिणी सदस्य एचजी शुक्ला, एमआर देवांगन ने संयुक्त रूप से बताया कि धार्मिक आस्था को देखते हुए महामाया गार्डन में शिव मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर कॉलोनी के एक व्यक्ति द्वारा मंदिर निर्माण का विरोध किया जा रहा है। निगम प्रशासन को शिकायत कर इसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है। सार्वजनिक गार्डन में स्वयं का तीन कैमरा लगा रखा है। यहां महिलाएं सुबह योग गार्डन के ओपन जिम करने आती हैं, जिसकी तस्वीर सीसी कैमरे में कैद हो रही है। उन्होंने साइट द्वार में स्वयं का ताला लगा दिया है और निर्माण सामग्री लाने नहीं दिया जा रहा, बच्चों को भी खेलने नहीं दिया जा रहा है।

इस मंदिर का निर्माण महामाया विहार में रहने वाले लोगों के सार्वजनिक निर्णय पर समिति द्वारा निर्मित किया जा रहा है। यही नहीं महामाया विहार के आसपास दूसरे कॉलोनी के प्रबुद्धजन भी इस निर्माण में सहभागिता दर्ज कर रहे हैं। जो स्वयं से अपनी अंशदान देकर इस भव्य शिव मंदिर को स्वरूप देने में सहभागी बन रहे हैं। यह निश्चित ही महामाया विहार के लोगो का अनुकरणीय पहल है।

## जो लोग अच्छा काम करते हैं उससे ईश्वर भी खुश होते हैं

- गरीब मजूम पर जुल्म करने वालों के खिलाफ आवाज बुलंद करना चाहिए



**बिलासपुर।** उसकी देन कमेटी के तत्वावधान में सत्यम चौक पर माहे मोहर्रम की एक तारिक से प्रवचन का आयोजन किया गया।

उत्तरप्रदेश मेरठ के मौलाना मुफ्ती रहमतूल्ला ने कहा कि झूठ और चुगली से हमें दूर रहना चाहिए। ऐसा करने वालों को जहन्नुम में भेजा जाएगा। सच के साथ व गरीब मजलूम, यतिमों पर जुल्म करने वालों के खिलाफ आवाज बुलंद करना चाहिए। जो लोग अच्छा काम करते हैं ऐसे लोगों पर सभी खुश रहते हैं। उन्होंने बताया कि करबला के मैदान पर जंग की शुरुआत बेइमानी के खिलाफ और ईमानदारी के लिए शुरू हुई। हमें मानवता की सच्चाई के लिए हमेशा साथ चलने के लिए प्रेरित करना चाहिए। वहीं रमजानी बाबा दरगाह परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुंबई की आलिमा फाजिला ने कहा शर्म और हया औरतों का जेवर है। इस कार्यक्रम में कमेटी के संस्थापक सदस्य शेख नजीरूद्दीन, सदर गय्यूर हुसैन, एस ए कादिर, अबरार बाबा, सलीम भाई, हबीब मेमन, ईंसान अली, खालिद, प्यारू, रज्जाक बड़े, नासीर नवाब, मूसा, बबली, विक्की, आरिफ बेग, कलीम आटो, अर्जुन सिंह, भैय्या, जावेद, फारूख, दुलारे, प्यारे, मनीष पटेल, अनुराग मौलाना मजहर आदि मौजूद थे।

## कैंसर अस्पताल भवन का काम जनवरी तक पूरा करें: कलेक्टर

- कलेक्टर ने अस्पताल का किया निरीक्षण
- सीजीएमएससी को कार्य जल्द पूरा करने के दिए निर्देश



**बिलासपुर।** बिलासपुर। राज्य कैंसर अस्पताल बिल्डिंग का कलेक्टर अवनीश शरण ने निरीक्षण किया। इस दौरान 115 करोड़ की लागत से बन रहे राज्य कैंसर संस्थान को लेकर सीजीएमएससी और सिम्स के डाक्टरों से चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि 65 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है। कलेक्टर ने जनवरी तक काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

सिम्स के कैंसर विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रहास ध्रुव ने बताया कि 115 करोड़ रूपये की लागत से अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। कैंसर अस्पताल बिल्डिंग में ग्राउण्ड फ्लोर के साथ 4 मंजिल होगी। जिसके लिए क्लास वन से लेकर क्लास फोर तक 289 पद पर नियुक्तियां होगी। मरीजों के लिए 100 बेड की सुविधा होगी। 20-20 करोड़ रूपये की लागत के दो अत्याधुनिक लीनियर एसीलीरेटर रेडियो थिरेपी मशीन होगी। जहां कीमोथिरेपी की दवाईयां भी मरीजों को निःशुल्क मिलेगी। इस दौरान असिस्टेंट प्रोफेसर एवं टेक्निकल एक्सपर्ट के रूप में डॉ. संतोष पटनायकुनी एवं सीजीएमएससी के ईई डीके रावटे भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारियों से चर्चा कर जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान

## महतारी वंदन की 4 लाख 26 हजार लाभार्थी करेंगी पौधरोपण 20 को

**बिलासपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में 20 जुलाई को सघन पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। इस दिन जिले की महतारी वंदन योजना की लगभग 4 लाख 26 हजार लाभार्थी अपने घर, बाड़ी या सार्वजनिक स्थान पर पौधरोपण कर सकती हैं। जिला स्तर पर आयोजित इस अभियान में जिले के अधिकारी शामिल होंगे। कलेक्टर ने इसके निर्देश मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में दिए हैं। वहीं मध्यान्ह भोजन का संचालन स्व सहायता समूहों को अब तक नहीं दिए जाने पर शिक्षा विभाग को जमकर फटकार लगाते हुए जल्द समूहों को इसका संचालन देने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने राज्य शासन की फ्लैगशीप योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। स्कूल जतन योजना के कार्यो के निरीक्षण के लिए शिक्षा विभाग, आरईएस, पीडब्ल्यूडी और बीईओं की संयुक्त टीम बनाने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण टीम के प्रमुख जनपद सीईओ होंगे। उन्होंने आवारा मवेशियों को मुख्य मार्ग से हटाने के लिए सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को नोडल अफसर बनाया है। उन्होंने टीएल के लंबित मामलों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

#### हरिहर ऑक्सीजोन में एसपी आज करेंगे पौधरोपण

दूजराम पौधा प्रेमी सेंदरी सहयोगी एस बुंदेला के साथ हरिहर ऑक्सीजोन एवं सेंदरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करने पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह बुधवार 10 जुलाई को प्रातः 10:15 बजे हरिहर ऑक्सीजोन आएंगे।

### रतनपुर के डायरिया पीड़ितों से मिले कलेक्टर, मरीजों का हाल चाल जाना

# नालियों से गुजर रही पाइप लाइन को तत्काल बदलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/रतनपुर

- 23 मरीज अब तक डिस्चार्ज
- एनआरसी का भी किया निरीक्षण

रतनपुर क्षेत्र में डायरिया लगातार फैल रहा है, कलेक्टर अवनीश शरण ने मंगलवार को क्षेत्र का दौरा किया। पीड़ित परिवारों से मिलकर हाल चाल जाना और पीएचई के अधिकारियों को तत्काल पाइप लाइन बदलने के निर्देश दिए।

दरअसल क्षेत्र में अबतक 52 मरीज मिल चुके हैं। रतनपुर अस्पताल में 24 मरीजों का इलाज किया जा रहा है, वहीं 5 मरीजों को सिम्स के लिए रिफर कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार 23 लोगों को डिस्चार्ज किया जा चुका है, ऐसे में



निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग व पीएचई के अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

स्वास्थ्य सुविधा मिलने के बाद मरीजों में तेजी से सुधार हो रहा है। तीन दिन बाद कलेक्टर मौके पर पहुंचे और मरीजों से चर्चा की।

इस दौरान स्वास्थ्य एवं नगरीय निकाय मिलकर सर्वे कर क्षेत्र में फैली बीमारी का हल निकालेंगे। कलेक्टर ने अस्पताल में बैठक लेकर स्वास्थ्य, राजस्व एवं नगर पालिका अधिकारी को आपसी तालमेल के साथ सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। वहीं तहसीलदार को मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया है। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान नाली एवं इससे होकर गुजरे पाइप लाइन का भी निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर टुल्लू पम्प से पानी खिंचने वाली पाइप के लीकेज होने की जानकारी मिली। अधिकारियों को पुरानी हो चुकी पाइप लाइनों को बदलने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने सामुदायिक अस्पताल में संचालित एनआरसी (पोषण पुनर्वास केन्द्र) का भी निरीक्षण किया, बच्चों के लिए बने नाश्ते की गुणवत्ता की जांची। एनआरसी में बच्चों एवं उनके अभिभावकों के मनोरंजन के लिए टीवी खरीदने की स्वीकृति दी है।

नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम रात्रे,एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, सीएमएचओ डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, तहसीलदार पंकज सिंह, नगरपालिका अधिकारी हरदयाल रात्रे, बीएमओ डॉ. मिथलेश गुप्ता, डीपीएम पियूली मजूमदार, बीपीएम श्वेता सिंह सहित चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### बिजनेस प्लस

## मंगला चौक पर बजाज चेतक ईवी का नया मॉडल 2901 लांच



**बिलासपुर।** त्रिपुरा ऑटो के नवीनतम शोरूम चेतक ईवी मंगला चौक में चेतक ईवी के नए मॉडल चेतक 2901 को लांच किया है। इस अवसर पर चेतक ईवी के उपभोक्ता एवं चेतक ईवी के चहेतों की उपस्थिति में समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष प्रशांत मोकाशे ने दीप प्रज्ज्वलित एवं केक काटकर लांच किया। ग्राहकों की विशेष मांग पर चाबी प्रदान करते हुए डिलिवरी किया गया। त्रिपुर आटो के वरिष्ट प्रबंधक मनोज शर्मा ने चेतक ईवी-2901 की विशेषता बताते हुए कहा कि यह गाड़ी बच्चों एवं बुजुर्गों के अनुरुप कम कीमत शो रूम मूल्य 95 हजार रुपए साथ 100 से अधिक की माइलेज जीपीएस सुविधा युक्त न्यूनतम रख-रखाव और मेटल बाडी सुरक्षा कवच के रुप में अतिरिक्त मजबूती का मिशाल है। चेतक 2901 विभिन्न आकर्षक रंगों में सीमित स्टाक उपलब्ध है। चेतक के ग्राहकों द्वारा मनचाहा रंगों के लिए चेतक 2901 की अग्रिम बुकिंग ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यशाला

**बिलासपुर।** आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी में साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों को साईबर क्राईम के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में साइबर प्रभारी सीएसपी सिद्धार्थ बघेल एवं कोनी थाना प्रभारी नवीन देवांगन ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, प्रशिक्षण अधीक्षक दिलीप कुमार तिवारी, मधुसूदन पराये, छात्रावास अधीक्षिका सुश्री चांदनी बंजारे, प्रशिक्षण अधिकारी सत्यप्रकाश जांगड़े एवं संस्था के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन 23 तक

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत असिस्टेंट मैन्यूल मेटल आर्क वेल्डर, टैक्सी ड्राइवर, डोमेस्टिक इलेक्ट्रिशयन सोल्यूशन कोर्स में कौशल प्रशिक्षण के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक 23 जुलाई तक 8वीं, 10वीं, 12वीं की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो, आधार एवं पेन कार्ड लिंक के साथ आईटीआई कोनी बिलासपुर में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्था कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### शादी के 18 साल बाद पत्नी को घर से निकाला

**बिलासपुर।** शादी के 18 साल बाद बेटा पैदा नहीं होने पर पत्नी को घर से निकालने वाले पति के खिलाफ



पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। महिला थाना से मिली जानकारी के अनुसार, शहर में रहने वाली एक महिला की शादी 2006 में कटनी निवासी कैलाश टहलरमानी से हुई थी। शादी के 6 माह बाद बच्चा पैदा नहीं होने की बात कहते हुए पति ने परेशान करना शुरू कर दिया था। उसके बाद उन्हें झाड़फूंक व डाक्टर के पास लेकर गया। बीमारी का पता चलने पर इलाज कराया गया। उसके बाद उनकी एक बेटी हुई। बेटी पैदा होते ही ससुरालवाले उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। उसके बाद व्यापार करने के लिए पैसे की मांग करने लगे। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उनके पति का दूसरी महिला से अवैध संबंध था। विरोध करने पर उन्हें व उनकी बेटी को परेशान करने लगा। उन्होंने घटना की जानकारी मायके व ससुरालवालों को दी तो पति कैलाश ने मारपीट कर पीड़िता व उनकी 14 साल की बेटी को घर से निकला दिया है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर पति के खिलाफ धारा 498 ए के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 1 लाख रुपए गुंडा टैक्स की मांग, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** जबरिया दूसरे की जमीन पर खंभा लगाकर 1 लाख रुपए गुंडा टैक्स मांगकर कालर पकड़कर झूमाझटकी करने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, नर्मदा नगर महावीर कालोनी निवासी लक्ष्मण सिंह ठाकुर पिता व्ही एस ठाकुर ने थाने रिपोर्ट लिखाई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व उनके घुरू स्थित जमीन को बिक्री करने के लिए राहुल सिंह पिता प्रकाश सिंह घुरू, मुकेश साहू पिता भागबली साहू शांतिनगर तिफरा से इकनारनामा हुआ था। किन्तु व्यक्तिगत कारणों से उन्होंने दोनों युवकों से इकरारनामा शून्य करा दिया था। इसी बातों को लेकर दोनों युवक 1 जुलाई को उनकी जमीन में आकर उनके साथ झूमाझटकी की। उसके बाद 7 जुलाई को रात में उनकी जमीन पर दोनों युवक जबरिया खंभा लगवाने लगे। उन्होंने मना किया तो दोनों युवक कहने लगे यहां के हम दादा हैं, जब तक खर्चा पानी के लिए 1 लाख रुपए नहीं देगा, उस जमीन पर कब्जा करेंगे। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो दोनों युवक कालर पकड़कर उनके साथ झूमाझटकी की। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस धारा 119, 1, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**दीवारें, खिड़कियां, सीढ़ी सब टूटी फूटी**



**कुछ पानी टंकी चोरी कर ले गए, कुछ तोड़ी**



**सभी खिड़कियां निकालकर ले गए चोर**



**बाहर से भी भवन जर्जर हालत में दिख रहा**



**100 बिस्तरों के हास्पिटल को देखने वाला कोई नहीं:** 13 करोड़ खर्च फिर भी 5 साल से हैंडओवर नहीं, अब मरम्मत में लगेंगे 2 करोड़ रूपए

# खुलने से पहले खंडहर हुआ सीपत का 100 बिस्तर अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत में 13 करोड़ की लागत से बना 100 बेड का अस्पताल खुलने से पहले ही खंडहर हो गया है। हालात ये हैं कि 5 सालों में सीजीएमएससी और स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल की सुध तक नहीं ली है। इसका नतीजा ये रहा कि असामाजिक तत्व अस्पताल के दरवाजे और खिड़की तक निकालकर ले गए।

- पांच साल से अस्पताल की सुध लेने कोई नहीं आया

खंडहर हो चुके अस्पताल की मरम्मत के लिए अधिकारी अब 2 करोड़ की जरूरत बता रहे हैं। खास बात ये है कि अस्पताल के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास डाक्टर और स्टाफ का सेटअप भी नहीं है, लेकिन कोविड काल के दौरान जबरिया 6 माह के अंदर अस्पताल बनाकर रख दिया गया है। सरकारी रूपयों का बेजा उपयोग करना अधिकारियों की पुरानी परपंरा रही है, इसका सबूत सीपत में बनाया गया अस्पताल है। साल 2020 में कोविड मरीजों को बेहतर उपचार देने के उद्देश्य से अस्पताल तैयार किया गया। करीब 13 करोड़ रूपए की लागत से पूरी बिल्डिंग बना ली गई। कोविड का दौर जाते ही अधिकारी अस्पताल की सुध लेना भूल गए। जिला मुख्यालय से महज 16 किमी पर स्थित सीपत थाने के पीछे 13 करोड़ की बिल्डिंग में 100 बेड के साथ अस्पताल शुरू करने की योजना थी, लेकिन स्वास्थ्य विभाग को कई सालों तक इस बिल्डिंग की जानकारी तक नहीं थी, वहीं शासन की ओर से अस्पताल शुरू करने को लेकर कभी डाक्टर और स्टाफ का सेटअप भी नहीं बनाया गया। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने इसे हैंडओवर नहीं लिया है। हालत ये है कि दो फ्लोर के अस्पताल में एक भी दरवाजे सही नहीं है, असामाजिक तत्व लोहे की ग्रिल उखाड़ कर ले गए हैं। इसके साथ ही पानी की टंकी भी चोरी हो गई है।

**अस्पताल की हालत ऐसी जैसे भूकंप आया हो**



अस्पताल की हालत ऐसी है जैसे कोई भूकंप आया हो। भवन के सभी दरवाजों और खिड़कियों को उखाड़ दिया गया है, जगह जगह मलबा बिखरा पड़ा है।

### कम्युनिटी हेल्थ सेंटर की हो सकती है शुरूआत

बिलासपुर से सीपत की दूरी 16 किमी है। सीपत, बलौदा, जांजगीर से भी सैकड़ों मरीज बिलासपुर आकर इलाज कराते हैं। 100 बिस्तर के अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी और आपरेशन थिएटर की सुविधा मिलने पर सिम्स और जिला अस्पताल पर पड़ने वाला अतिरिक्त बोझ कम हो सकता है। जानकारों के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का निर्माण किया जा सकता है।

### मरम्मत में खर्च होंगे 2 करोड़

सीजीएमएससी के अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल को हैंडओवर करने से पहले मरम्मत किया जाना है, जिसके लिए 2 करोड़ रूपए की आवश्यकता है, लेकिन विभाग में फंड नहीं है। जिला मुख्यालय के अधिकारी फंड का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर चुके हैं, लेकिन सीजीएमएससी के बजट में स्वीकृति नहीं मिली है।

### ठेकेदार को फायदा पहुंचाने की कवायद

सूत्रों के अनुसार सीजीएमएससी के अधिकारियों ने अस्पताल बनते ही ठेकेदार को पूरा पेमेंट कर दिया है, जबकि सीजीएमएससी को अस्पताल बनाने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इसका निरीक्षण कराकर हैंडओवर की प्रक्रिया पूर्ण करनी थी, लेकिन अधिकारियों ने अपनी गलती छिपाते हुए इसे आज तक हैंडओवर नहीं किया है। चीफ मेडिकल एंड हेल्थ आफिसर कार्यालय से बकायदा हैंडओवर कर सर्टिफिकेट भी प्राप्त करना था, लेकिन 5 साल बाद भी सीजीएमएससी ने इसे हैंडओवर करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है।

### दो माह पहले किया था दौरा

अस्पताल का दो माह पहले दौरा किया था। चोरियां पहले हो चुकी है। फिर से मरम्मत करने की जरूरत है, इसके बाद ही हैंडओवर किया जाएगा। फाइल भेजी गई है।

-डीके रावते, ईई, सीजीएमएससी

### अधिकारियों से चर्चा की जाएगी

अस्पताल के संबंध में कोई भी दस्तावेज कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। अस्पताल बनाने से पहले शासन सेटअप तैयार करता है, नियुक्तियां होती है। इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

-डॉ प्रभात श्रीवास्तव, सीएमएचओ, बिलासपुर

**सड़कों पर जगह जगह गड्ढे, नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा**

# पॉश कालोनी शांतिनगर सड़क, नाली जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की पॉश कालोनियों में शामिल शांतिनगर बदहाली के आंसू बहा रहा है। यहां 10 से 15 साल पहले बनी सीसी रोड उखड़ चुकी है और जगह-जगह गढ्ढे हो गए हैं। वहीं नाली टूट-फूट चुकी है और कहीं-कहीं तो नाली ही नहीं है। कच्ची नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे क्षेत्र में डायरिया जैसी बीमारी फैलने का भय बना हुआ है।

रिंग रोड टू से लगा शांतिनगर इलाका पॉश कालोनियों में गिना जाता है। यह नेहरू नगर वार्ड 17 के अंतर्गत आता है। लेकिन पॉश कालोनी होने के बाद भी यहां के लोग सड़क, नाली जैसी आम समस्याओं से जूझ रहे हैं। शांतिनगर कालोनी के भीतर की सड़कें हैं वह पूरी तरह खराब हो चुकी हैं। यहां नगर निगम द्वारा करीब 10-15 साल पहले सीसी रोड बनवाई गई थी जो अब जगह-जगह से उखड़ चुकी है और गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं। इसी तरह यहां नालियों की भी समस्या है। अधिकतर पुरानी नालियां टूट-फूट चुकी हैं। कहीं-कहीं तो नाली ही नहीं बनी है। वहीं कच्ची नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे डायरिया जैसी बीमारी के फैलने का डर बना हुआ है।क्षेत्र में एसबीआई बैंक वाली गली की नालियां टूट चुकी है और वहां नाली ही नजर नहीं आ रही है।

इसी तरह शांतिनगर के आखिरी छोर ठेठाडबरी से लेकर डॉ. चौधरी और वहां से डॉ. भांगे के मकान तक बड़ी नाली टूट गई है। इसी तरह ठेठाडबरी से मिनोचा कालोनी की तरफ वाली नाली भी टूट गई है।





शांति नगर में जगह- जगह नालियां टूट फूट गई हैं, इससे नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा।

### 2009 से 2014 के बीच बनी थी सड़क, नाली

शांतिनगर एरिया में अंडरग्राउंड सीवरेज परियोजना तहत सड़कों को खोदा गया था, उस समय कालोनी की पूरी सड़क खराब हो गई थी। उसके बाद ही वर्ष 2009 से 2014 के बीच शांतिनगर में सीसी रोड और नाली का निर्माण नगर निगम द्वारा कराया गया था। उस समय बनी सीसी रोड पूरी तरह खराब हो चुकी है जबकि पुरानी नालियां टूट चुकी है और कुछ जगहों पर तो नाली ही नहीं बनी है, जिससे घरों से निकलने वाला गंदा पानी कच्ची नालियों से होकर सड़कों में बहता है। बारिश होने पर यहां की सड़क, नाली की स्थिति और खराब हो जाती है।

### निगम को कई बार लिखा पत्र : यादव

वार्ड 17 की पार्षद नम्रता यादव के पति पार्षद प्रतिनिधि भास्कर यादव का कहना है कि शांतिनगर में सड़क और नाली की स्थिति खराब है। इसके लिए कई बार नगर निगम को पत्र लिखा गया है। निगम इंजीनियर के साथ दो दिन पहले ही पूरे वार्ड को घूमकर निरीक्षण कराया गया है। शांतिनगर बड़ा एरिया है, जिसके कारण फंड की कमी के चलते समस्या दूर नहीं हो पाई है। बीच में 30 लाख की स्वीकृति मिली थी, जिससे नेहरू नगर वार्ड में सड़क, नाली का काम कराया गया है। इसी तरह विधायक मद एवं पार्षद मद से भी सीसी रोड, नाली का काम कराया गया है। लेकिन पुरानी नालियां जो टूट-फूट चुकी हैं और रोड खराब है, उसके लिए नगर निगम से मांग की गई है।

**मरम्मत के लिए विभाग के पास फंड नहीं, प्रस्ताव बनाकर भेजा**

# औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों का बंटाधार खस्ताहाल सड़क से गुजरते हैं लोग





औद्योगिक क्षेत्र की इन गड्ढों वाली सड़क से भारी वाहन सहित आम लोगों की गाड़ियां भी गुजरती है, जिससे हादसे का हमेशा डर बना रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

औद्योगिक क्षेत्रों में बनी सड़कों का हाल बेहाल है। सिरगिट्टी, तिफरा सहित अन्य क्षेत्रों की औद्योगिक सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़क की मरम्मत के लिए विभाग के पास फंड नहीं है। ऐसे में लोग खस्ताहाल सड़क से गुजरने के लिए मजबूर हैं।

- सीएसआईडीसी सड़क मरम्मत को लेकर उदासीन

तिफरा, सिरगिट्टी, सिलपहरी में उद्योगों की सड़कों का हाल बेहाल है। सालों से इन सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई है। सड़कों की मरम्मत करने की जिम्मेदारी सीएसआईडीसी की है, लेकिन यहां विभाग के अधिकारियों की बैठक ही नहीं हो रही है। रायपुर कार्यालय से संचालित होने वाले इस विभाग के जिम्मे औद्योगिक क्षेत्र में विकास, सड़क, पानी और बिजली की जिम्मेदारी होने के बाद भी अधिकारियों में गजब की उदासीनता है। सड़क बदहाल होने के बाद भी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। वहीं उद्योगपतियों की मांग के बाद अब फंड का प्रस्ताव शासन की ओर भेजा गया है, स्वीकृति को लेकर अधिकारी अभी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं लेकिन इन खस्ताहाल सड़कों से गुजरना लोगों के लिए मुसीबत से कम नहीं है।

### कालोनियां बनीं, लेकिन नहीं मिलती सुविधा

इन औद्योगिक क्षेत्रों की आधी जमीन निगम के हवाले है। वैध-अवैध कालोनियां बन चुकी है, लेकिन इन कालोनियों में रहने वाले लोगों को सुविधाएं नहीं मिल रही है। औद्योगिक सड़क से होकर ही इन्हें भी कालोनियों तक जाना पड़ता है, जिससे असुविधा हो रही है। तिफरा के आर्या कालोनी के पास सड़क के गड्ढों में रोजाना सैकड़ों लोग हिचकोले खाते हुए गुजरने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यही हाल सिरगिट्टी क्षेत्र में भी है।

### कार्यालय है लेकिन स्टाफ नहीं

सीएसआईडीसी के पास कर्मचारियों की कमी है। पूरा विभाग आउटसोर्सिंग के स्टाफ से चल रहा है। राज्य में एक ईई, एक एई और दो जेई है। बिलासपुर में साइड आफिस बनाया गया है, लेकिन यहां कर्मचारी नहीं मिलते है। महीने में एक बार ईई के आने पर बाकी स्टाफ कार्यालय में मौजूद होता हैं। इसके बाद कोई नहीं मिलता। ऐसे में कोई भी शिकायत सुनने वाला आम दिनों में मौजूद नहीं होता है।

### मरम्मत नहीं करा सकते, नई बनेगी सड़क

सड़कों की फोटो मंगाई गई है। मरम्मत नहीं कराई जा सकती है। सीधे सड़कों को नए सिरे से बनाना होगा। प्रस्ताव भेजा गया है, जल्द ही स्वीकृति मिल जाएगी।

-बीजी तिवारी, ईई, सीएसआईडीसी

### मरम्मत की जिम्मेदारी सीएसआईडीसी की

तिफरा सड़क के लिए कुछ लोगों ने शिकायत की थी, जिसके बाद सीएसआईडीसी के ईई से बातचीत की गई है। जबतक सड़क नहीं बन जाती है, कुछ सड़कों पर गड्ढे भरने के लिए कहा गया है। सड़क सीएसआईडीसी की है तो मरम्मत भी उन्हें ही करना है।

-परिवेश कश्यप, जोन कमिश्नर, नगर निगम

# व्यावसायी पर हमले का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सत्यम चौक स्थित पेट्रोल पंप वाली जमीन को लेकर चल रहे विवाद के बीच व्यावसायी पर हमला करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

- पेट्रोल पंप की जमीन को लेकर हुआ था विवाद

सिविल लाइन क्षेत्र के विकास नगर निवासी राम खेड़िया व्यवसायी व जमीन कारोबारी हैं। उन्होंने सिविल लाइन थाने घटना की रिपोर्ट कराई थी, जिसमें बताया कि सत्यम चौक के पास स्थित पेट्रोल पंप वाली जमीन को उन्होंने खरीद ली है।




गुरुवार 16 मई को वे श्रमिक लगाकर जमीन पर बाउंड्री का निर्माण करवा रहे थे। इसी दौरान वहां पर मोहम्मद तारिक वहां पहुंच गया। श्री खेड़िया को आरोपी ने अपशब्द कहे और श्रमिकों को वहां से भगाने लगा। व्यवसायी ने इसका विरोध किया तो उन्हें जमीन पर गिरा दिया और सब्बल और फावड़ा लेकर उन्हें मारने के लिए दौड़ाया। मारपीट से बचकर भागे व्यवसायी ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत केस दर्ज कर इसकी जांच की। जांच के बाद पुलिस ने मामले में धारा 326 जोड़कर कार्रवाई की गई है। इस बीच आरोपी अपने ठिकाने से फरार हो गया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### दो साल पहले गुंडा सूची में दर्ज हुआ है नाम

आरोपी मो. तारिक के खिलाफ पहले भी कई केस दर्ज हैं। उसके खिलाफ 2005 में चोरी का मामला दर्ज हुआ। इसके साथ ही उसके खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट के मामले भी दर्ज हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए दो साल पहले पुलिस ने उसका नाम गुंडा सूची में दर्ज किया है। प्रार्थी के मुताबिक पेट्रोल पंप पर मालिकाना हक जताने के लिए मो. तारिक तरह-तरह के हथकंडे अपनाता रहा है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152